26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 6 अगस्त , 2026

अंक- 283 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16


# भतीजे ने ताऊ के सीने में छुरा घोंपा, मौत

## सब्जी का ठेला लगाने को लेकर हुआ था विवाद



धामपुर/नींदडू (चिंगारी)। समीपवर्ती ग्राम नींदडू में आज सुबह एक युवक ने अपने ताऊ की छुरा घोंपकर हत्या कर दी। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। आरोपी पूरे परिवार सहित फरार हो गया।

जानकारी के मुताबिक नींदडू के मोहल्ला कुरैशियान निवासी इकबाल कुरैशी सब्जी बेचने का काम करता था। आज सुबह लगभग 7 बजे गली में सब्जी का ठेला लगाने को लेकर उसका अपने भतीजे अरमान पुत्र मोबीन कुरैशी से विवाद हो गया। इस दौरान अरमान ने अपने ताऊ 60 वर्षीय इकबाल कुरैशी के सीने में छुरा घोंप दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। अस्पताल ले जाते समय इकबाल की मौत हो गई। इकबाल का बेटा बिलाल (20 वर्ष) घायल हो गया। मृतक अपने पीछे 5 बेटियां व तीन बेटों को छोड़ गया है।

सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इकबाल का शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस प्रयास कर रही है। घटना के बाद आरोपी परिवार सहित घर पर ताला लगाकर फरार हो गया। ग्रामीणों के अनुसार दोनों परिवारों के बीच बच्चों के विवाद को लेकर पहले से तनातनी चल रही थी।








Dr Lal PathLabs

**Swasth मेला**

अपना पैकेज आज ही बुक करायें

M.: 8126808181

अब आपके स्वास्थ्य की चिंता होगी दूर

**03 अगस्त से 10 अगस्त 2026 तक**

| टेस्ट के नाम | SwasthFit SUPER 2 | SwasthFit SUPER 4 |
|---|---|---|
| Sugar Fasting (1 Test) | ✓ | ✓ |
| Lipid Profile (5 Tests) | ✓ | ✓ |
| Thyriod Profile (3 Tests) | ✓ | ✓ |
| Kidney Profile (10 Tests) | ✓ | ✓ |
| Liver Function (8 Tests) | ✓ | ✓ |
| Complete Blood Count (19 Tests) | ✓ | ✓ |
| HbA1c (1 Test) | ✓ | ✓ |
| Vitamin B12 (1 Tests) | | ✓ |
| Vitamin D 25-Hydroxy (1 Tests) | | ✓ |
| छूट से पहले | ~~1900~~ | ~~3100~~ |
| छूट के बाद | 1250/- | 1800/- |

INTRODUCTORY OFFER
Gramin Fit
CBC, Sugar, Cholesterol, SGPT, Creatinine
~~₹ 620/-~~ ₹ 150/-

Swasth Fit SCREEN PLUS
Sugar, Lipid Profile Screen, TSH, SGPT/SGOT, CBC, Creatinine
~~₹ 1350/-~~ ₹ 500/-

घर से सैम्पल लेने की सुविधा

डा0 लाल लैब्स, निकट बैंक ऑफ बड़ौदा, शेरकोट मो0- 8126808181

## आवश्यकता है

बाजवा फॉर्म में सुन्दर एवं हरे-भरे पेड़-पौधों के रख रखाव एवं देखभाल के लिए एक अनुभवी व जिम्मेदार माली की आवश्यकता है। संपर्क करे-
कुलदीप सिंह बाजवा
बाजवा फॉर्म, बासोवाला, बढ़ापुर
(बिजनौर) मो0 न0 9412452094

## REQUIRED

Tele Calling Staff, Phlebotomist एवं Lab Technician (Male/Female) की आवश्यकता। इच्छुक उम्मीदवार तुरंत संपर्क करें।

**Charak Pathology Lab**
Near Roadways Bus Stand, Civil Lines, Bijnor.
9917066099, 9837117997

# वीआईपी सड़क की गुणवत्ता पर सवाल

## विधायक की शिकायत के बाद चीफ इंजीनियर ने नहटौर मार्ग पर बन रही सड़क के लिए नमूने



नगीना-नहटौर मार्ग पर बन रही सड़क की जांच करते अधिकारी।

**नगीना ( चिंगारी )। करीब 35 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन नगीना-नहटौर मार्ग की सड़क में कई जगह दरारें और टूट-फूट की शिकायत के बाद लोक निर्माण विभाग ( पीडब्ल्यूडी ) हरकत में आ गया है।**

स्थानीय विधायक मनोज पारस द्वारा लखनऊ में प्रमुख सचिव, पीडब्ल्यूडी से शिकायत किए जाने के बाद बुधवार दोपहर मुरादाबाद से चीफ इंजीनियर कमला शंकर अधिकारियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मशीनों की सहायता से सड़क के कई स्थानों से नमूने लेकर जांच शुरू कराई।

जांच के दौरान अधिकारियों ने सड़क की परतों की गुणवत्ता का परीक्षण करने के लिए कोर कटिंग कर नमूने एकत्र किए। अधिशासी अभियंता शैलेंद्र शाश्वत ने बताया कि नमूनों की लैब जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। उनका कहना था कि प्रथम दृष्टया सड़क में कोई गंभीर तकनीकी कमी दिखाई नहीं दे रही है, फिर भी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पूरी जांच कराई जा रही है।

इधर, सड़क की गुणवत्ता को लेकर उठे सवालों ने क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। लोगों का कहना है कि जिस सड़क पर करोड़ों रुपये खर्च हो रहे हों, उसमें निर्माण के दौरान ही दरारें दिखाई देना कई सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि समय रहते जांच नहीं होती तो भविष्य में यह सड़क बड़े नुकसान का कारण बन सकती थी।

गौरतलब है कि यह सड़क भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सैनी के पैतृक गांव हुरंगला से होकर गुजरती है। सत्ता के शीर्ष पदाधिकारी के गांव से जुड़ने के कारण इस मार्ग को क्षेत्र में वीआईपी सड़क के रूप में देखा जा रहा है। ऐसे में निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठना राजनीतिक और प्रशासनिक दोनों स्तरों पर चर्चा का विषय बन गया है।

# अच्छी पहल : फीता काटने की बजाय जोड़कर किया गारमेंट शोरूम का उद्घाटन



### समाज को एकजुट रहने का दिया संदेश

बिजनौर ( चिंगारी )। जिला बार एसोसिएशन एवं लाइब्रेरी बिजनौर के अध्यक्ष चौ. राजेन्द्र कुमार एडवोकेट ने अनोखी पहल करते हुए यहां सिविल लाइन स्थित गार्मेंट शोरूम का उद्घाटन फीता काटने के बजाय फीता जोड़कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज को तोड़ने नहीं, बल्कि जोड़ने की आवश्यकता है। इसी संदेश को देने के लिए उन्होंने पारंपरिक फीता काटने की रस्म के स्थान पर फीता जोड़कर शोरूम का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में अधिवक्ता, शोरूम के प्रोपराइटर एवं कर्मचारी मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से इस पहल का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान चौ. राजेन्द्र कुमार ने अधिवक्ताओं को नि:शुल्क सफेद शर्ट भेंट की तथा उनसे न्यायालय में वकालत के दौरान सफेद शर्ट और निर्धारित अधिवक्ता वेशभूषा पहनकर न्याय एवं वकालत की गरिमा बनाए रखने का आग्रह किया। शोरूम के प्रोपराइटर नरेन्द्र सिंह को बार अध्यक्ष चौ. राजेन्द्र कुमार एवं उपस्थित अधिवक्ताओं ने शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के निर्वतमान अध्यक्ष यशपाल सिंह, पूर्व अध्यक्ष चरत सिंह, निरंकार सिंह, राजीव चौहान एडवोकेट, संयुक्त सचिव मोहित मलिक, कोषाध्यक्ष कविता चौधरी, महिला अधिवक्ताओं सहित विनय सिंह, आशीष तोमर, कोमल सिंह, प्रताप बंगाली, विनीश कुमार (झालू वाले), विकास एडवोकेट, अंकिता राणा सहित अनेक वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## उद्यमिता व सामाजिक विकास में उल्लेखनीय योगदान पर डॉ. आरडी उस्मानी को मानद डॉक्टरेट



बिजनौर (चिंगारी)। भारतीय प्रौद्योगिकी एवं उद्यमी विकास संस्थान के निदेशक डॉ. आरडी उस्मानी को उद्यमिता एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए यूरोपियन प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, डबलिन (आयरलैंड) द्वारा मानद डॉक्टरेट (डॉक्टर ऑनोरिस कॉसा) से सम्मानित किया गया है। विश्वविद्यालय की नामांकन एवं मानद परिषद समिति ने उद्यमिता विकास, स्वरोजगार प्रशिक्षण, कौशल विकास, महिला एवं बाल विकास, मानवाधिकार, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक जागरूकता जैसे क्षेत्रों में पिछले 29 वर्षों से किए गए उनके कार्यों का मूल्यांकन करने के बाद यह सम्मान प्रदान किया। डॉ. उस्मानी ने अपने प्रशिक्षण और मार्गदर्शन से हजारों युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने में सहयोग दिया है। सम्मान प्राप्त करने पर डॉ. उस्मानी ने इसे अपना व्यक्तिगत सम्मान न बताते हुए अपने सहयोगियों, युवाओं और शुभचिंतकों को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी उद्यमिता को बढ़ावा देने और समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए वे पूरी निष्ठा से कार्य करते रहेंगे।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER

कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर

आज ही लायें एथर स्कूटर

ATHER



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।

मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

गुलदारों से निपटने की वन विभाग के पास कोई योजना नहीं ( पेज 5 )


# कांवड़ियों पर होगी हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा

## योगी सरकार ने जारी किया कार्यक्रम



**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सावन कांवड़ यात्रा को भव्य, सुरक्षित और श्रद्धामय बनाने के लिए इस वर्ष भी विशेष व्यवस्थाएं की हैं। इसी क्रम में 9 और 10 अगस्त को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सात जनपदों के प्रमुख कांवड़ मार्गों पर हेलीकॉप्टर से कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की जाएगी। इसके लिए विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, 9 अगस्त को हेलीकॉप्टर सुबह लगभग आठ बजे लखनऊ से बागपत के लिए रवाना होगा। सुबह 10:30 बजे से 11:15 बजे तक बागपत में कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की जाएगी। इसके बाद 11:45 बजे से 12:45 बजे तक सहारनपुर, दोपहर 1:30 बजे से 2:15 बजे तक मुजफ्फरनगर तथा शाम 3:45 बजे से 4:30 बजे तक मेरठ में शिवभक्तों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। पहले दिन हेलीकॉप्टर की कुल उड़ान अवधि 6 घंटे 10 मिनट निर्धारित की गई है। दस अगस्त को हेलीकॉप्टर मेरठ से उड़ान भरकर सुबह 8:30 बजे से 9:15 बजे तक गाजियाबाद में पुष्पवर्षा करेगा। इसके बाद 9:45 बजे से 10:30 बजे तक हापुड़ तथा 11:15 बजे से दोपहर 12 बजे तक बुलंदशहर में कांवड़ियों का फूल बरसाकर स्वागत किया जाएगा। सभी कार्यक्रमों के बाद हेलीकॉप्टर दोपहर 12:30 बजे बुलंदशहर से लखनऊ के लिए रवाना होगा। दूसरे दिन कुल 3 घंटे 45 मिनट की उड़ान निर्धारित की गई है। इस प्रकार दो दिनों के अभियान में बागपत, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़ और बुलंदशहर सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सात जनपदों में अलग-अलग समय पर कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की जाएगी। पूरे अभियान की कुल उड़ान अवधि 9 घंटे 55 मिनट निर्धारित की गई है। राज्य सरकार का उद्देश्य कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों का सम्मान करते हुए उन्हें सुरक्षित, सुव्यवस्थित और श्रद्धामय वातावरण उपलब्ध कराना है। यात्रा के दौरान सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को भी सुदृढ़ किया गया है।


प्रेरणा त्यागी


प्रज्ञा राणा



मुशमीरा

## शत-प्रतिशत रहा बी.एड. द्वितीय वर्ष का परीक्षाफल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय के अध्यापक शिक्षा विभाग में बी.एड. द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बी.एड. द्वितीय वर्ष में कु. प्रेरणा त्यागी ने 80.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, कु. प्रज्ञा राणा ने 80.35 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा कुमारी मुशमीरा ने 80.07 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी छात्राओं को महाविद्यालय सचिव कुंवरानी रुचि वीरा जी, महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. पारुल त्यागी जी, विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश सिंह एवं समस्त प्राध्यापकगण द्वारा उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

## स्कूल-कॉलेजों में स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम की तैयारियां शुरू

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** स्वतंत्रता दिवस को उत्साहपूर्वक एवं धूमधाम से मनाने के लिए स्कूल-कॉलेजों में तैयारियां जोर-जोर से शुरू हो गई हैं। 15 अगस्त को मनाये जाने वाले स्वाधीनता दिवस में भाग लेने के लिए बच्चों में उत्साह नजर आ रहा है और बच्चे नाना प्रकार के कार्यक्रमों में अपनी-अपनी भूमिका को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस पर परेड, डांस, भाषण, प्रतियोगिताएं, नाटक व प्रभात फेरी आदि के लिये स्कूलों में शिक्षकों द्वारा बच्चों को रिहर्सल कराया जा रहा है। कार्यक्रम को आकर्षक एवं मनमोहक बनाने के उद्देश्य से बच्चों को अनुशासन, झंडे का सम्मान, राष्ट्रगान पर सावधान खड़े होने जैसी तैयारियों पर विशेष फोकस दिया जा रहा है। खेलप्रेमी विद्यार्थी इस दिन क्रीड़ा प्रतियोगिता में भागीदारी हेतु तैयारी में लग गये हैं।






**भली लगे या बुरी ...**

## उच्च शिक्षा में हम कहां?

**भारत में हर साल मात्र पांच हजार जबकि चीन में चालीस हजार के करीब छात्र पीएचडी करते हैं। केवल पीएचडी के मामले में ही नहीं, शोध पत्रों तथा पेटेंट के मामले में भी हम चीन से काफी पीछे हैं। भारत में 538 विवि और 26478 उच्च शिक्षा संस्थान हैं। जिनमें 1.60 करोड़ नौजवान पढ़ते हैं। ग्रास एनरोलमेंट के लिहाज से यह 12 प्रतिशत है जो ग्लोबल एवरेज से काफी कम है। देश में संस्थानों की भीड़ बढ़ाने के लिए पिछले 30 वर्ष में बहुत सारे निजी संस्थान और डीम्ड यूनिवर्सिटी खुले हैं, जिनका कोई खास मानक और स्तर नहीं है। एक रिपोर्ट के मुताबिक देश के 153 विश्वविद्यालयों तथा 9875 कॉलेजों में पर्याप्त बुनियादी ढांचा नहीं है। आधुनिक ज्ञान आधारित नियंत्रण अर्थव्यवस्था में अपनी पूर्ण क्षमता का दोहन करने के लिए भारत को विश्व के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों की आवश्यकता है। उच्च शिक्षा का संकट संभवत: किसी भी लोकतांत्रिक देश का सबसे गहरा संकट होता है। यह संकट भारत के भविष्य को सीधे-सीधे प्रभावित करेगा। पिछले दिनों राष्ट्रीय ज्ञान आयोग ( एनकेसी ) ने स्वीकार किया कि भारत में उच्च शिक्षा में जो संकट है, वह गहराई तक मौजूद है।**

**मुख्य सवाल यह है कि क्या सरकारें शिक्षा के क्षेत्र की समस्याएं ठीक से समझती हैं और देश की शिक्षा और उच्च शिक्षा की बेहतरी के लिए तत्काल क्या कदम उठाती हैं। खासकर पिछले दो दशकों में शिक्षा के हालात बदतर ही हुए हैं। वास्तव में मौजूदा नीतियों के आधार पर विश्वस्तरीय संस्थान खड़े करना असंभव होगा। सिर्फ कुछ आईआईटी और आईआईएम के भरोसे हम विकसित राष्ट्र का सपना सच नहीं कर सकते। देश में तकनीकी शिक्षा की कुल सीटों में 95 प्रतिशत निजी कॉलेजों में हैं बाकी 5 प्रतिशत में आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपल आईआईटी है, जहां एडमिशन के लिए छात्रों में होड़ है। देश के विकास के लिए बाकी 95 प्रतिशत कॉलेजों को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। हमें विश्वस्तरीय संस्थान खड़े करने के लिए ऐसी राष्ट्रीय नीति की जरूरत है, जो गुणवत्ता, पारदर्शिता, स्वायत्तता, विकेंद्रीकरण, जवाबदेही, विविधता और विश्व दृष्टि जैसे मूल्यों पर आधारित हो। अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।**

# रिश्तों में धोखा, बदला और ब्लैकमेल का क्या काम है?



इक़बाल हिंदुस्तानी

इलाहाबाद हाईकोर्ट के साथ ही सुप्रीम कोर्ट भी कई बार कह चुका है कि कुछ लोग एक-दूसरे से प्यार करते हैं, सेक्स करते हैं और फिर जब किसी बात पर रिश्ते खराब हो जाते हैं, तो रेप का केस दर्ज कराकर अपने प्रेमी को जेल भेजने के लिए अदालत में चले आते हैं। कोर्ट ने साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि सब मुकदमें में ऐसा नहीं होता, लेकिन दहेज़ एक्ट की तरह शादी से पीछे हटने पर अकसर ऐसे फ़र्ज़ी मामले सामने आ रहे हैं।

वास्तव में यह एक नया ट्रेंड है। लड़के, लड़की आपस में प्यार करते हैं। साथ घूमते फिरते हैं, खाते-पीते हैं। कुछ लिव इन रिलेशन में भी रहने लगते हैं। इस दौरान नज़दीकी और खुलापन बढ़ने पर वे शादी से पहले ही जिस्मानी रिश्ते भी बना लेते हैं। आम तौर पर प्रेमी-प्रेमिका से ऐसा करने से पहले शादी का वायदा करता है, लेकिन एक-दूसरे से मन भर जाने और किसी बात पर मतभेद हो जाने पर दूरियां बढ़ने लगती हैं। इसके बाद कुछ मामलों में लड़की, लड़के को ब्लैक मेल भी करती है। कुछ लड़के भी लड़की को बदनाम करने का डर दिखाकर उसको धोखा देते हैं। अगर वह शिकायत करने की बात कहती है तो लड़का उसको बदनाम करने की धमकी देता है। कुछ प्रेमिकाएं गिफ्ट, पैसा और दूसरी मांग करती रहती हैं। कुछ के बीच सब कुछ ठीक चलता रहता है, लेकिन जब लड़की अचानक प्रेग्नेंट हो जाती है, तब विवाद शुरू होता है। लड़का एबॉर्शन पर ज़ोर देता है, जबकि लड़की शादी की ज़िद पकड़ लेती है। कुछ केस ऐसे भी होते हैं जिनमें लड़का पहले से ही शादी कर चुका होता है और पोल खुल जाने के डर से लड़की से दूरी बनाने लगता है। ऐसे में लड़की ठगा सा महसूस करती है। लेकिन वह जानती है उसके सच बताने पर उसका परिवार समाज और कोर्ट उसको ही ग़लत बताएंगे। जबकि पुरुष प्रधान समाज में लड़के की बराबर ग़लती होने पर भी लड़के को इतना बुरा नहीं समझा जाता है। ऐसे केस होने के बाद भी उसकी शादी आराम से हो जाती है। उधर धोखे की शिकार लड़की की न केवल शादी होनी मुश्किल हो जाती है, उसकी दूसरी बहन का रिश्ता भी कठिन हो जाता है। कई बार लगा हुआ रिश्ता भी टूट जाता है। पूरे परिवार को बदनामी और शर्मिंदगी का सामना करना होता है।



ऐसे मामलों में एक और प्रॉब्लम आती है। कोर्ट में जब केस जाता है लड़की अपने आरोपों को साबित नहीं कर पाती। इसकी वजह यह होती है कि न तो वे किसी रजिस्टर्ड एग्रीमेंट के बाद रिश्ता बनाते हैं न ही उनके अंतरंग रिश्ते का कोई गवाह होता है। ऐसा होना स्वाभाविक भी नहीं है, क्योंकि प्यार, इश्क और डेटिंग ये सब बातें छिपकर ही की जाती हैं। हालांकि कुछ राज्य सरकारों ने अपने एजेंडे के तहत विपरीत जाति व धर्म के जोड़ों को ऐसा करने से रोकने को लिव इन रिलेशन के लिए रजिस्ट्रेशन ज़रूरी किया है, लेकिन ये लोग समाज और सरकार की नज़र से बचने को रजिस्ट्रेशन कराते ही नहीं हैं। कोर्ट की यह चिंता वाजिब है कि आप अपनी मर्ज़ी से साथ रहते हैं, प्यार करते हैं और शारीरिक संबंध भी बनाते हैं, लेकिन विवाद होने पर बलात्कार का आरोप लगाकर ब्लैकमेल करते हैं। सवाल यह है कि आपकी गलती नादानी और बचकानेपन की मूर्खता में अदालत अपना बेशकीमती टाइम ख़राब क्यों करे?

**मकतब ए इश्क का दस्तूर निराला देखा,**
**उसको छुट्टी न मिली जिसने सबक़ याद किया।**

(नोट- लेखक नवभारत टाइम्स डॉट कॉम के ब्लॉगर हैं।)

# मानसिक तनाव : कारण-निवारण

**मानसिक तनाव मन की एक भयंकर बीमारी के समान है। आज के परिपेक्ष्य में झाकें तो तनाव गंभीर समस्या बनता जा रहा है, क्योंकि आज के दौर में प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी रूप में तनावग्रस्त देखा जा रहा है, वो शारीरिक, मानसिक या बाह्य कारणों से हो।**



इस मशीनीयुग में हमनें विज्ञान के सहारे आशातीत प्रगति की, जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में विज्ञान का हस्तक्षेप महसूस किया जा सकता है। मगर इसका दूसरा पहलू भी है- द्रुत गति से बढ़ता प्रदूषण एवं भागमभाग से त्रस्त जीवन, वो गरीब, अमीर, वृद्ध, युवा, पुरुष हो या स्त्री, बड़ी संख्या में लोग मानसिक तनाव के कारण परेशान हैं। 'काल्टन' के अनुसार 'मानसिक तनावों ने हज़ारों व्यक्तियों को आत्मघात करने पर मज़बूर किया है, पर शारीरिक तनावों ने एक को भी नहीं।'

गम्भीरता से मंथन करें तो पारिवारिक स्तर पर संयुक्त परिवार की बिखरती/टूटती प्रथा, मानव का स्वयं को आत्मकेंद्रित कर लेना आदि ऐसे बहुत से कारण हैं, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति अपने सुख-दु:ख, उलझन, वैचारिक मतभेद या वैचारिक सलाह लेना-देना, इन सबके लिए, स्वयं को ही देखता है। जब संयुक्त परिवार होते, तब वार्तालाप के लिए अन्य व्यक्ति वो भी अपने निजी संबंधी होते हैं। तब तनाव के कारण अकेले व्यक्ति को ही नहीं झेलने पड़ते, सब मिल-बांटकर उलझी-गुत्थी सुलझा लेते हैं। तनाव का मुख्य कारण यह भी कि मानव का जीवन ठीक एक मशीन की भांति हो चुका है, जिसमें चैन एवं विश्राम के पल तलाशना लगभग मुश्किल हो गया है, क्योंकि इच्छाओं का बढ़ता संसार व धन लोलुपता के कारण इंसान पैसा कमाने के नये-नये तरीके, सोचते हुए, स्वयं तनाव ग्रस्त हो जाता है। इसलिए व्यक्ति के सोचने-समझने की शक्ति क्षीण होती जा रही है। नई-नई बीमारियां पांव पसार रही हैं, कार्य क्षमता प्रभावित हो रही है और इन्हीं कारणों से स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। वर्तमान के सामाजिक, आर्थिक एवं प्राकृतिक परिवेश को देखते हुए यह कहना उचित कि अधिकांश व्यक्तियों को स्वभाविक रूप से मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। कुछ कारण जिनसे मानसिक तनाव होता है, जैसे- ईर्ष्या मानसिक तनाव का प्रमुख कारण है, क्योंकि ऐसे विचारों से व्यक्ति की कार्यक्षमता पर प्रभाव पड़ता है। अहम एवं बहम, ये दोनों भी तनाव के प्रमुख कारण हैं। रिक्त दिमाग, वाद, विवाद एवं किसी कार्य का विश्लेषण भी तनाव के कारण बनते हैं। किसी व्यक्ति से घृणा व उस पर क्रोध करना भी मानसिक शांति नष्ट होने से तनाव बढ़ता। सफलता एवं असफलता को लेकर व्यक्ति का दृष्टिकोण व्यावहारिक होना चाहिए, क्योंकि विचार करना चाहिए कि असफलता का अर्थ यह बिल्कुल नहीं कि अब जीवन में सारे मार्ग अवरुद्ध हो चुके हैं।

वस्तुत: मानसिक तनाव से बचने का सर्वश्रेष्ठ उपाय मानसिक अनुशासन है। हमारा/आपका दृष्टिकोण विभिन्न प्रकार की मुसीबतों के प्रति व्यावहारिक होना चाहिए। सर्वप्रथम तनाव के कारणों को जानना/समझना तत्पश्चात उनसे बचने के उपायों पर ध्यान केंद्रित करना ताकि तनाव से छुटकारा पाया जा सके। जैसे- व्यक्ति की बीमारी का, चिकित्सक पता लगाकर उसका इलाज करता है, उसी प्रकार तनाव भी एक प्रकार की अनदेखी बीमारी है, जो व्यक्ति को दिन-प्रतिदिन मानसिक स्तर पर ही नहीं, शारीरिक स्तर पर भी पंगु बना देती है और सफलता से कोसों दूर खड़ा कर देती है। अत: सबसे पहले मानसिक तनाव के कारण व निवारण पर ध्यान दें। साथ-साथ किसी मनोचिकित्सक से मिलें, क्योंकि जीवन निरंतर चलने का नाम है। किसी एक घटना विशेष या दूसरे अशोभनीय कारणों को याद करके, उस पर अपनी ऊर्जा एवं समय नष्ट करने का कोई औचित्य नहीं, बल्कि उनसे पीछा छुड़ाकर सरल जीवन जीना ही समझदारी है।



**रश्मि अग्रवाल**

सम्पर्क- 09837028700

# नगीना क्षेत्र में गुलदार के आतंक पर केंद्रीय मंत्री से मिले सांसद चंद्रशेखर

## बोले- समाधान नहीं हुआ तो आपके कार्यालय पर दूंगा धरना

**नगीना ( चिंगारी )**। क्षेत्र के ग्राम सिंगनी वाला में गुलदार के हमले में बालक की मौत से गुस्साए नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने नगीना लोकसभा क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे गुलदार के हमलों और उनसे हो रही जनहानि का मामला केंद्र सरकार तक पहुंचा दिया है। सांसद ने केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात कर नगीना क्षेत्र में गुलदार के हमलों से हो रही गंभीर स्थिति से उन्हें अवगत कराया।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि उन्होंने बुधवार की दोपहर दिल्ली में केंद्रीय मंत्री से मुलाकात करके उन्हें कई समस्याओं से अवगत कराया है। उन्होंने उन्हें बताया कि पिछले कई वर्षों में नगीना क्षेत्र में गुलदार के हमलों में अनेक लोगों, विशेषकर बच्चों और महिलाओं की जान जा चुकी है। सोमवार को एक मासूम बालक को गुलदार द्वारा उठाकर ले जाने और उसकी मौत की घटना ने पूरे क्षेत्र में भय का माहौल पैदा कर दिया है। सांसद ने कहा कि अब यह केवल वन्यजीव संरक्षण का विषय नहीं, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा का प्रश्न बन चुका है। उन्होंने मंत्री से तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग की।



दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण व वन मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात करते नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद।

सांसद ने बताया कि उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ठोस समाधान नहीं निकाला गया तो उन्हें मजबूर होकर उन्हें उनके कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करना पड़ेगा। उनका कहना है कि बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने भरोसा दिलाया कि वह इसी माह जिम कॉर्बेट क्षेत्र में वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक करेंगे, जिसमें गुलदार के हमलों को रोकने के लिए स्थायी और समाधान पर चर्चा करेंगे। मंत्री ने इस दिशा में आवश्यक बजट बढ़ाने पर भी सकारात्मक सहमति जताई, ताकि प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा उपायों को और प्रभावी बनाया जा सके। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि उन्होंने नगीना में स्थित कॉमन फैसिलिटी सेंटर के चालू नहीं होने के मुद्दे से भी केंद्रीय मंत्री को अवगत कराते हुए निस्तारण की मांग की है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि वह प्रदेश सरकार के संबंधित मंत्री से बातचीत कर इस मामले के शीघ्र समाधान का प्रयास करेंगे, ताकि करोड़ों रुपये की परियोजना जल्द शुरू हो सके।

# गुलदारों से निपटने की वन विभाग के पास कोई योजना नहीं

-रुकन राजपूत

**नांगल सोती (चिंगारी)**। जिले में गुलदारों के द्वारा इंसानों पर हमले पिछले कई वर्षों जारी हैं। गुलदार हर साल कई इंसानी जिंदगियों को अपना निवाला बना लेते हैं। वन विभाग के पास गुलदारों के हमले रोकने की कोई प्रभावी योजना नहीं है। गन्ने की फसल कट जाने के बाद से गुलदार खेतों पर बड़ी संख्या में दिखाई दे रहे हैं। 15 मई, 2026 की रात्रि 9 बजे एक गुलदार क्षेत्र के ग्राम लालपुर सोजीमल में कुत्ते का शिकार करने के चक्कर में गांव निवासी वेदप्रकाश उर्फ मुन्नू शर्मा के खेतों से सटे घर में घुस गया था। ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए घर का मेन गेट बंद कर गुलदार को अंदर कैद कर दिया था।

'चिंगारी' ने 17 मई, 2026 के अंक में प्रकाशित खबर के माध्यम से तभी चेताया था कि बरसात में गुलदारों के हमले बढ़ने की प्रबल आशंका है। दरअसल बरसात में खेतों में पानी भर जाने के कारण गुलदार अक्सर खेतों से बाहर निकलते हैं। ऐसे में यदि खेतों के आसपास इंसानों की आवाजाही होती है, तो गुलदार घात लगाकर हमले कर देते हैं। 3 अगस्त की शाम को नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम सिगनीवाला में गुलदार ने अपने माता-पिता के साथ खेत पर गये 8 वर्षीय रवि पुत्र नरसिंह की जान ले ली।



शायद ही जिले में कोई गांव ऐसा हो, जहां गुलदार नहीं हैं। नांगल के खादर क्षेत्र में तो कई गुलदार हो सकते हैं, क्योंकि वहां गुलदारों के छिपने के लिये पर्याप्त वन, झाड़ियां मौजूद हैं।

### रेस्क्यू किये गये गुलदार जिले में ही छोड़ दिये जाते हैं

गुलदार अक्सर पिंजरे में कैद भी होते हैं। पिछले कुछ समय में काफी गुलदार वन विभाग ने रेस्क्यू किये हैं। मगर रेस्क्यू किये गये इन गुलदारों को फिर जिले में ही छोड़ दिया जाता है। वन विभाग के अधिकारी गुलदारों की सुरक्षा की दृष्टि से यह तो नहीं बताते हैं कि इन्हें किस रेंज में छोड़ा गया है, लेकिन छोड़ जिले में ही दिया जाता है। किसानों, मजदूरों की आजीविका खेतों पर ही निर्भर है। बिना खेतों पर जाये किसानों, मजदूरों का काम नहीं चल सकता और वहां गुलदार के रूप में मौजूद मौत किस कौने से आ जाये, ये कहा नहीं जा सकता।

## जिले में 600 गुलदार

**वन विभाग की बिजनौर डिवीजन ( सामाजिक वानिकी ) के डीएफओ जय सिंह कुशवाहा के अनुसार उनकी डिवीजन में लगभग 450 गुलदार तथा नजीबाबाद डिवीजन ( रिजर्व फॉरेस्ट ) के डीएफओ पृथ्वीराज केएसबी के अनुसार उनकी डिवीजन में लगभग 150 गुलदार हैं। हालांकि दोनों अधिकारियों के अनुसार यह केवल अनुमान मात्र ही है, क्योंकि गुलदारों की कोई ऑथेंटिक गणना अभी तक नहीं हुई है। गुलदारों के हमलों से इंसानों की जान बचाने की विभागीय योजना के बारे में प्रश्न पूछे जाने पर डीएफओ जय सिंह कुशवाहा ने बताया कि बिना जनसहयोग के गुलदारों के हमले रोक पाना संभव नहीं है।**

### कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन बेहद चौकन्ना

**गुलदारों से कांवड़ियों की सुरक्षा करना भी प्रशासन के लिये बड़ी चुनौती है। हालांकि गुलदार के व्यवहार के जानकार बताते हैं कि गुलदार अकेले व्यक्ति पर घात लगाकर हमला करता है। व्यक्तियों के समूह पर गुलदार के हमले की घटना नहीं मिलती है। मगर फिर भी प्रशासन कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर बेहद चौकन्ना है।**

## खेतों में मौजूद गुलदार ज्यादा आक्रामक

गन्ने के खेतों में छिपे गुलदार वन क्षेत्रों में मौजूद गुलदारों से अधिक खतरनाक (आक्रामक) हैं। उत्तराखंड में 14 नरभक्षी गुलदारों को मार गिराने वाले क्षेत्र के ग्राम जालपुर निवासी कुंवर बलजीत सिंह बताते हैं कि खेतों पर लगभग हर रोज ही किसानों, मजदूरों की आवाजाही रहती है, इसलिये खेतों में रहने वाले गुलदार ज्यादा आक्रामक हैं। दूसरे खेतों में उनकी भूख को शांत करने के लिये ज्यादा जंगली जीव भी मौजूद नहीं हैं, जिनका कि वे शिकार कर सकें। इसलिये भी वे इंसानों को शिकार बनाने की फिराक में रहते हैं। जबकि वन क्षेत्रों में इंसानों की आवाजाही ज्यादा नहीं रहती है। साथ ही वहां गुलदारों के शिकार करने के लिये पर्याप्त संख्या में जंगली जीव भी रहते हैं।



www.dainikchingari.com
6 बिजनौर, 16 मई, 2026 आसपास चिंगारी

घर में घुसा गुलदार, मचा हाहाकार

वनविभाग ने पिंजरा लगाकर पकड़ा

अब और ज्यादा दिखाई देंगे गुलदार, इंसानों को हमलों के लिये रहना होगा तैयार

नांगल सोती ( चिंगारी )। गन्ने की फसल कट जाने के बाद गुलदार अब ज्यादा दिखाई दे रहे हैं। अब आयेदिन गुलदार दिखाई देने और उसके हमलों की खबरें सुनने को मिल सकती हैं। इंसानों को गुलदारों के हमलों से बचाव को तैयार रहना होगा।

गुलदारों का प्राकृतिक वास वन होते हैं। मगर पिछले कुछ वर्षों में गुलदारों ने खेतों की ओर तेजी से रुख किया है। इन गुलदारों ने गन्ने के खेतों को ही अपना प्राकृतिक वास बना / समझ लिया है। इस समय गन्ने के खेत पूरी तरह से खाली हो चुके हैं। गन्ने की पेडी और पौधा फसल अभी छोटी है। वहां गुलदारों का ठहरना/छिपना मुश्किल है। जब से गन्ने की फसल कटी है, गुलदार अक्सर दिखाई दे रहे हैं। बरसात में गन्ने की फसल बड़ी तो हो जाती है, मगर खेतों में पानी भरा रहने तथा अत्यधिक नमी मौजूद होने के कारण गुलदार खेतों में बैठ/ रुक नहीं पाते हैं। उस समय वे सूखे स्थान की तलाश में इधर-उधर दौड़ते हैं। बरसात गुजरने के बाद गन्ने की फसल भी काफी बड़ी हो जाती है और मौसम में ज्यादा गर्माहट भी नहीं रह जाती है, तब गुलदार गन्ने के खेतों को अपना आशियाना बना लेते हैं।

यानी बरसात तक गुलदार खेतों में अक्सर दिखाई देने की आशंका है। आते-जाते लोगों पर गुलदारों के हमले भी बढ़ सकते हैं। इन परिस्थितियों से निपटने के लिये इंसानों को तैयार रहना होगा। यदि इंसान सावधान नहीं रहेंगे, तो गुलदारों के हमलों में इंसानी जिंदगियों का जाना तय है। गुलदार छिपकर और घात लगाकर हमले करते हैं, इसलिये इनके हमले बड़े सटीक होते हैं।

बरसात के आसपास बढ़ते हैं हमले

हर साल बरसात के आसपास गुलदारों के हमले बढ़ते हैं। जिले में हर साल कई इंसानी जिंदगियों को गुलदार अपना निवाला बना लेते हैं। खेतों में घास काटते मजदूर, काम करते किसान, खेतों के पास से गुजरते बच्चे गुलदारों का शिकार बन जाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में गुलदारों के हमले बहुत ज्यादा बढ़े हैं। इनकी संख्या में भी खूब बढ़ोतरी हुई है। शायद ही कोई गांव ऐसा होगा, जिसके जंगल में गुलदार मौजूद न हो।

16 मई के अंक में छपी घर में गुलदार घुसने की खबर। 17 मई को प्रकाशित सचेत करने वाली खबर

# राजनैतिक दलों से एसआईआर पर फीडबैक

## 19 लाख मतदाताओं को अब तक नोटिस डिलिवर



**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने बुधवार को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से बैठक कर एसआईआर के सम्बंध में विस्तृत चर्चा कर फीडबैक प्राप्त किया। इस अवसर पर एसआईआर के नोटिस फेज में चल रही सुनवाई के सम्बंध में भी राजनैतिक दलों को विस्तृत प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अवगत कराया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों से बैठक के दौरान बताया कि एसआईआर के दौरान किसी नागरिक को परेशानी ना हो इसका पूर्ण रुप से ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने बैठक में बताया कि वर्तमान में 24 लाख नोटिसों के सापेक्ष लगभग 19 लाख (77 प्रतिशत) नोटिस बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं तक पंहुच चुके हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि फार्म 6 के 93 हजार से अधिक, फार्म 7 के 1 लाख 39 हजार एवं फार्म 8 के 40 हजार से अधिक आवेदन अबतक प्राप्त हो चुके हैं। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि फार्म 7 के लिए ईआरओ/एईआरओ स्तर पर सत्यापन के बाद नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

### दावे-आपत्तियों की सघन जांच

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दावे एवं आपत्तियों के चरण में एक मतदाता द्वारा अधिकतम 5 मामलों में दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती हैं। अगर किसी क्षेत्र में इस से इतर मामले आते हैं तो इसके लिए नियत प्रावधानों के अनुसार ईआरओ स्वंय अपने स्तर विधिवत जांच एवं सत्यापन की कार्यवाही करेंगे। इसके अतरिक्त राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट्स एक दिन में अधिकतम 10 फार्म प्रस्तुत कर सकते हैं तथा पुनरीक्षण की अवधि में 30 फार्म प्रस्तुत करने पर ईआरओ द्वारा स्वंय अपने स्तर से विधिवत जांच एवं सत्यापन की कार्यवाही की जाएगी।**

# बाल विवाह निषेध पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**धामपुर ( चिंगारी )।** विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के एक्शन प्लान के तहत विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार बाल विवाह निषेध अधिनियम पर एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन मुनि विद्यानन्द जैन कन्या विद्यालय धामपुर में किया गया। इस अवसर पर पीएलवी जयवीर सिंह ने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति व कानुनी अपराध है। बाल विवाह, बच्चों के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य को पूरी तरह नष्ट कर देता है। प्रधानाध्यापिका प्रियंका वत्स ने कहा कि बाल विवाह समाज की प्रगति मे बाधा डालता है। कम उम्र मे शादी होने से बच्चों की पढ़ाई बीच में ही छुट जाती है। शारीरिक और मानसिक विकास बुरी तरह प्रभावित होता है। कम उम्र मे माता बनने से जच्चा-बच्चा को गम्भीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पीएलवी राजीव कुमार ने बताया कि इसकी सूचना टोल फ्री न. 1098, 121, 112 पर दी जा सकती है।

# किसानों को दी गन्ना सट्टा प्रदर्शन सम्बंधी जानकारी

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा एवं सहायक उपाध्यक्ष संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से ग्राम हादरपुर में मीटिंग का आयोजन किया। उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि इस समय सट्टा प्रदर्शन का कार्य चल रहा है। किसान भाई अपना बेसिक कोटा कृषि योग्य भूमि गान्ना क्षेत्रफल पेड़ी, पौधा, बैंक खाता, मोबाइल नंबर, आधार नंबर आदि वाली बातें देखकर यदि कोई त्रुटि है सट्टा प्रदर्शन गन्ना पर्यवेक्षक को अपनी आपत्ति दर्ज कर दें जिससे गन्ना आपूर्ति में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि अक्टूबर गन्ना बुवाई के लिए खेत की तैयारी शुरू कर दें जिससे समय पर गन्ना बुवाई हो सके। सहायक उपाध्यक्ष ने कहा कि इस समय वर्षा का समय चल रहा है किसान भाई अपने खेत में पानी का निकास अवश्य करें जिसे गन्ने को नुकसान ना हो। मीटिंग में जोनल मैनेजर संदीप सहरावत फील्ड स्टाफ उपस्थित रहा ।

# छड़ियों के मेले की तैयारी, जोर-शोर से जारी

## 19 अगस्त को लगेगा मेला


रवि शंकर शर्मा

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मेन मार्केट स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर के निकट पंडित प्रेम शंकर शर्मा के प्रतिष्ठान पर आगामी 19 अगस्त, (बुधवार) को आयोजित होने वाले छड़ियों के मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मेला स्थल के वर्तमान प्रमुख पंडित रवि शंकर शर्मा ने बताया कि इस मेले में मुख्य रूप से स्थापित की जाने वाली छड़ी की पूजा-अर्चना की जाती है। इसके लिए धामपुर नगर के विभिन्न भागों के अलावा आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार पहुंचते हैं और प्रसाद चढ़ाकर आशीर्वाद ग्रहण करते हैं। उन्होंने बताया कि यह मेला पिछले लगभग 10 दशक यानी 100 वर्षों से अधिक समय से इसी स्थान पर उनके पूर्वजों द्वारा शुरू की गई परंपरा के अंतर्गत आयोजित हो रहा है। पंडित जी की मांग है कि मेले वाले दिन पुलिस प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए फल चौक से भगत सिंह चौक तक वाहनों का आवागमन बंद करा दिया जाए। उन्होंने बताया कि मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें भी सजेंगी जहां श्रद्धालु जमकर खरीदारी करते हैं। इस मौके पर श्रद्धालु गुलदाने का प्रसाद चढ़ाते हैं।

# न्यू फ्रैंड्स कॉलोनी में जलभराव को लेकर महिलाओं का प्रदर्शन



**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर की न्यू फ्रैंड्स कॉलोनी में लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या को लेकर महिलाओं ने प्रदर्शन किया। महिलाओं का कहना है कि कई बार एसडीएम एवं ब्लॉक के संबंधित अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद अब तक समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने बताया कि हल्की बारिश होते ही पूरी कॉलोनी पानी से भर जाती है। जलभराव के कारण सांप, बिच्छू एवं अन्य जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा लगातार बना रहता है। वहीं गंदा पानी जमा रहने से मलेरिया, डेंगू और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। महिलाओं ने प्रशासन से तत्काल जलनिकासी की व्यवस्था कराने और स्थायी समाधान करने की मांग की। उनका कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे अपना आंदोलन और तेज करने को मजबूर होंगी। प्रदर्शन करने वालों में अमित यादव, आशुतोष सिंह, उदय प्रताप सिंह, बबलू चौहान, निशांत कुमार, पल्लवी चौहान, मधु कुमारी, पूनम देवी, निशि चौहान, निर्मला यादव आदि शामिल रहे।

# सर्वब्राह्मण महासभा ने मनाया मित्रता दिवस



**धामपुर ( चिंगारी )।** सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा अमन पैथोलॉजी लैब पर मित्रता दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के जरूरतमंद एवं असहाय लोगों की सहायता के लिए किए जाने वाले सामाजिक कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जरूरतमंद परिवारों की हरसंभव सहायता करने तथा समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र कौशिक, महामंत्री डॉ. शंकर दत्त भारद्वाज, उपाध्यक्ष शीलेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष गौरव शर्मा, संगठन महासचिव नवकेतन शर्मा, लोकेश शर्मा उपस्थित रहे।

# एजुकोल गर्ल्स स्कूल में हुआ छात्रा परिषद का अलंकरण समारोह

## अदीबा सलीम हेड गर्ल

## डिम्पल वाइस हेडगर्ल बनीं



मार्च पास्ट करते हुए छात्राएं।

**धामपुर ( चिंगारी )।** एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में छात्रा परिषद अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मार्च-पास्ट, सामूहिक सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय प्रबंधक डॉ. लोकेंद्र सिंह ने कहा कि नेतृत्व केवल एक पद नहीं, बल्कि सेवा, अनुशासन, समर्पण और जिम्मेदारी का प्रतीक है। स्कूल की प्रधानाचार्या प्रीति अग्रवाल ने कहा कि आज तुम मंच पर हो, कल तुम देश का भविष्य बनोगी।

चयनित किए गए पदाधिकारियों में हेड गर्ल अदीबा सलीम, वाइस हेड गर्ल डिम्पल राणा, डिसीपिलिन इंचार्ज मदीहा रहमानी, लक्षिका चौहान, पलक सैनी ,स्पोर्ट्स इंचार्ज आयुषी, परिधि चौहान कक्षा असेम्बली इंचार्ज अलवीरा, अलिशबा, श्रेष्ठा शुक्ला,कल्चर एक्टिविटी इंचार्ज सादिया, स्नवी, अवनी चौहान, इंग्लिश लेंग्वेज इंचार्ज हुमैरा नाज़, किसलय सिंह शामिल रहीं। इनके अतिरिक्त पोर्सिया हाउस में हाउस कैप्टन श्रीयांशी राजपूत, वाइस हाउस कैप्टन अंशिका, प्रिफेक्ट काव्या, गार्गी, रिया, कीर्तिका, कोडिल्या हाउस में हाउस कैप्टन कनक वत्स वाइस हाउस कैप्टन रितिका सैनी, प्रिफेक्ट अंशिका गौर, तनिष्का, लिबा नाज़, सृष्टि सिंह, ओलिविया हाउस में हाउस कैप्टन जिज्ञासा आर्य वाइस हाउस कैप्टन अनुषा अली प्रिफेक्ट इलिहा अंसारी, आसादिया गाज़ी, मनाहिल, खन्शा मरियम क्लोपैटरा हाउस में हाउस कैप्टन कंचन सिंह, वाइस हाउस कैप्टन इंशा नबील, प्रिफेक्ट अंशिका राजपूत, कनिका सैनी, दीपांशी रानी, हंसिका राजपूत है। कार्यक्रम का संचालन पारुल चौहान के निर्देशन में ख्याति चौहान, भूमि सैनी, अमरजीत कोर ने किया। अलंकरण समारोह को सफल बनाने में उषा रानी, जागृति ठाकुर, पारुल गोयल, साक्षी दुआ शीरीन बारी, लीना चौहान, साक्षी चौहान, रीता कुमारी, मनोज कुमार, अरुण कुमार का योगदान सराहनीय रहा।

# जोश-ओ-खरोश के साथ निकाली जायेगी तिरंगा यात्रा

## भाजपा जिला कार्यालय पर कार्यशाला का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा तथा तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय, बिजनौर में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ने की। मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी हरिओम शर्मा ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सम्मान प्रकट करने का एक सशक्त अभियान है। साथ ही अवगत कराया कि 10-12 अगस्त तक प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाना है। 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारक और स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थान के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाना है। 13 अगस्त को सभी जिला मुख्यालय पर व्यापक तिरंगा यात्रा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर निकाली जानी है। 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सुनिश्चित किया जाना है। 14 अगस्त को विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर मौन जुलूस निकाला जाना है। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करती रही है। तिरंगा यात्रा के



माध्यम से युवा पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर, डॉ.इंद्रदेव सिंह,डॉ. तेजपाल वर्मा, सुमन त्यागी, नूरपुर चेयरमैन डॉ. एमपी सिंह,ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, आकांक्षा चौहान, उज्ज्वल चौहान, डॉ. रचना पाल, जिला पदाधिकारी, जिला महामंत्री नरेश भाटी, दिनेश सैनी, बलराज त्यागी, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र राजपूत, अतुल मारवाड़ी, रवि चौधरी, रजनी कालरा, चौ. फूल सिंह, नीरज विशनोई, माया पाल, जिला मंत्री विनोद राठी, मोनिका यादव, तिलकराज सैनी, शिखा गुप्ता, जयवीर पांचाल, जिला कोषाध्यक्ष देशबंधु, जिला मीडिया प्रभारी विक्रांत चौधरी, महामंत्री विनय राणा, नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, सोभित त्यागी, सुधींद्र चौधरी, रोबिन चौधरी, खेल सिंह राजपूत आदि उपस्थित रहे।



TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP




APPLY FOR VACANCY
- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)

Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562

CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

# सपा कार्यालय के बाहर बनी 6 दुकानों पर चला बुलडोजर

## करीब 15 माह पहले प्रशासन ने किया था सील, मालिक के अनुरोध पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई, भारी पुलिस बल रहा तैनात

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बुधवार की शाम को जिला प्रशासन ने अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर स्थित छह दुकानों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तथा प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी रही। जानकारी के अनुसार, उक्त दुकानों का मालिकाना हक नगीना के मोहल्ला काजीसराय निवासी जावेद सिद्दीकी के नाम बताया जाता है। इन दुकानों में मुहम्मद अयाज, बशारत, फैजान, अरशद अली तथा शंकर किरायेदार के रूप में कारोबार कर रहे थे। दुकान मालिक और किरायेदारों के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। बताया गया कि करीब 15 माह पूर्व प्रशासन ने दुकानदारों को नोटिस जारी कर दुकानों के स्वामित्व एवं अन्य संबंधित अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। निर्धारित अवधि में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर प्रशासन ने सभी दुकानों को सील कर दिया था।



इसके बाद दुकान मालिक जावेद सिद्दीकी ने 13 जुलाई को नियत प्राधिकारी एवं उपजिलाधिकारी, विनियमित क्षेत्र, बिजनौर को प्रार्थना-पत्र देकर अवगत कराया कि संबंधित दुकानों का नक्शा स्वीकृत न होने के कारण पूर्व में उन्हें सील किया गया था। उन्होंने स्वयं इन दुकानों को ध्वस्त कराए जाने का अनुरोध भी किया। प्रार्थना-पत्र पर विचार करने के बाद नियत प्राधिकारी एवं उपजिलाधिकारी, विनियमित क्षेत्र, बिजनौर ने दुकानों को ध्वस्त किए जाने का आदेश पारित कर दिया। इस आदेश के विरुद्ध किरायेदारों ने अपील दायर की, लेकिन अपील निरस्त कर दी गई। इसके साथ ही पूर्व में जारी ध्वस्तीकरण का आदेश यथावत रखा गया। न्यायिक एवं प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद बुधवार को प्रशासन ने बुलडोजर की मदद से समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर स्थित छह दुकानों को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचाव के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

# 'सेल्फी विद तिरंगा' में व्यापक भागीदारी का आह्वान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने आगामी 15 अगस्त को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को भव्य, गरिमामय एवं राष्ट्रभक्ति की भावना के अनुरूप व्यापक जनसहभागिता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यह निर्देश बुधवार को प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि 'सेल्फी विद तिरंगा' अभियान में उत्तर प्रदेश पूर्व में देश में प्रथम स्थान पर रहा है और इस बार भी प्रदेश को प्रथम स्थान दिलाने के लिए सभी जिलों में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित




की जाए। उन्होंने बताया कि 9 अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन दिवस तथा 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस भी पूरे सम्मान के साथ मनाया जाएगा। कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी से जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) तथा अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक में प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने बताया कि हर घर तिरंगा पोर्टल लॉन्च कर दिया गया है, जिस पर जनपदवासी 9 अगस्त से तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी अपलोड कर सकेंगे।

# नजीबाबाद शहर में गुलदार की दस्तक से दहशत का माहौल

## एचएमएच हॉस्पिटल के कैमरे में कैद हुआ गुलदार

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद में गुलदार की दस्तक से दहशत का माहौल है। एचएमएच हॉस्पिटल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में गुलदार की गतिविधि कैद हो गई। शहरी क्षेत्र में गुलदार के पहुंचने की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों में भय व्याप्त हो गया। पिछले कुछ समय से क्षेत्र में गुलदार लगातार दिखाई देने व हमले की घटनाओं ने पहले ही लोगों की चिंता बढ़ा रखी है। अब आबादी वाले इलाके तक गुलदार के पहुंचने से लोगों को अपनी व परिवार की सुरक्षा की चिंता सताने लगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय घरों से बाहर निकलना जोखिम भरा हो गया है। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि जिस स्थान पर गुलदार की गतिविधियां सामने आई है, वह हरिद्वार-नजीबाबाद कांवड़ मार्ग है। सावन के दौरान इस मार्ग से बड़ी संख्या में शिवभक्त कांवड़ लेकर गुजर रहे हैं। ऐसे मार्ग पर गुलदार की दस्तक से कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन सकती है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से तत्काल प्रभावी के कार्रवाई की मांग की है।


गुलदार पकड़ने को एक स्थान पर पिंजरा लगाती वनविभाग की टीम।

उनका कहना है कि की ड्रोन कैमरों की मदद से पूरे क्षेत्र की निगरानी बढ़ाकर गुलदार का पता लगाकर उसे सुरक्षित तरीके से जंगल में वापस भेजा जाए, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। वहीं लोगों ने प्रशासन से भी कांवड़ मार्ग व आसपास के आबादी वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने, गश्त बढ़ाने व आवश्यक सुरक्षा इंतजाम करने की मांग की है। फिलहाल गुलदार के शहरी क्षेत्र में पहुंचने की घटना ने पूरे नजीबाबाद में दहशत का माहौल बना दिया है। लोग वन विभाग की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं। वनविभाग ने क्षेत्र में गुलदार को पकड़ने के लिए एक स्थान पर पिंजरा लगाया है।

## गुलदार से बचाव को जागरूक करने के लिए वन विभाग ने चलाया अभियान



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के राजगढ़ वन क्षेत्र के रेंजर देवऋषि सक्सेना के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने क्षेत्र के सबलगढ़, काशीरामपुर, रामदासवाली आदि गांव में लाउडस्पीकर के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। अनाउंसमेंट के माध्यम से ग्रामीणों को वन्य जीव गुलदार, हाथी आदि जंगली जानवरों से बचाव की जानकारी दी गई। टीम के द्वारा बताया गया कि जंगल में अकेले ना जाए। कोई भी जंगली जानवर दिखाई दे तो तुरंत वन विभाग को सूचना दें। वन रेंजर ने बताया कि क्षेत्र में कई स्थानों पर गुलदार देखा जा चुका है, गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा भी लगाया गए है। रेंजर देवऋषि सक्सेना, डिप्टी रेंजर महिपाल सिंह, वनरक्षक मेघनाथ, शुभम कुमार आदि की टीम के द्वारा ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। ग्रामीणों को पम्फलेट भी बांटे जा रहे है। कांवड़ यात्रा को लेकर वन विभाग की टीम अलर्ट है। इस अभियान का उद्देश्य जनहानि को रोकना है। इसी उद्देश्य से आसपास के गांवों में जागरूक करने का काम वन विभाग की टीम के द्वारा किया जा रहा है।



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans


सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



## गायत्री साधकों ने भगवान शिव की विशाल प्रतिमा का जलाभिषेक किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद द्वारा रेलवे स्टेशन स्थित शिव वाटिका में गायत्री साधकों ने भगवान शिव की विशाल प्रतिमा का जलाभिषेक किया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ0 दीपक कुमार ने भगवान शिव की स्तुति करते हुए कहा कि भगवान शिव का परिवार आदर्श परिवार है। अर्धांगिनी मां भवानी हैं। बड़े पुत्र कार्तिकेय देवताओं के सेनापति हैं। छोटे पुत्र गणेश प्रथम पूज्य हैं। शिव का कार्य करने वाले उनके गण हैं। वीरता अभद्र न हो तथा



भद्रता डरपोक न हो तभी शिवत्व की स्थापना संभव है। शिव के मस्तक पर चंद्रमा शीतलता का प्रतीक है। गंगा पवित्रता की ज्ञान की प्रतीक है। त्रिनेत्र विवेक का प्रतीक है। भगवान शिव सर्व सामर्थ्यवान होते हुए भी सादगी से रहते हैं। शिव भक्त को न्यूनतम में निर्वाह करते हुए अपनी प्रतिभा, समय, अंश समाज सेवा में लगाने चाहिए। शिव परिवार की तरह अपने परिवार को आदर्श बनाना चाहिए। गायत्री साधकों ने ओम नम: शिवाय एवं महामृत्युंजय मंत्र का जप किया। राज भटनागर, कमल शर्मा, सुमन वर्मा, सारिका अग्रवाल, हरीश शर्मा, कामेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर में डायलिसिस सेंटर की स्थापना को लिखा पत्र

नजीबाबाद (चिंगारी)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर में डायलिसिस सेंटर की स्थापना के संबंध में महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर ने पत्र लिखा है। आदर्शनगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व मे उत्तर प्रदेश सरकार को भेजे पत्र मे प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर में डायलिसिस सेंटर की स्थापना की मांग की थी। पत्र में उन्हें बताया गया था कि उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डायलिसिस सेंटर ना होने से बीपीएल धारकों, आमजन तथा क्षेत्रीय जनता को समय-समय पर काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, उन्हें डायलिसिस के लिए बिजनौर या फिर आसपास के क्षेत्रों में जाना पड़ता है। उत्तराखंड के प्रवेश द्वार पर स्थित नजीबाबाद के कोटद्वार मार्ग स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर में डायलिसिस सेंटर की स्थापना की जाए ताकि आम जनता को इसका फायदा मिल सके। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर डॉ. कौशलेंद्र सिंह ने लिखित में बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर मे डायलिसिस सेंटर की स्थापना के लिए आवश्यक कार्रवाई हेतु महानिदेशक एवं चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं स्वास्थ्य भवन लखनऊ को पत्र लिखा गया है।

# 2027 में खुर्शीद मंसूरी को विधायक बनाने का भरोसा दिलाया

## आजाद समाज पार्टी ने किया ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों का सम्मान समारोह

नजीबाबाद (चिंगारी)। साहनपुर नगर पंचायत चेयरमैन एवं आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी की ओर से राजारामपुर स्थित ग्रीन फार्म हाउस में ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों के सम्मान में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर आज़ाद समाज पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि यदि पार्टी नजीबाबाद विधानसभा से खुर्शीद मंसूरी को प्रत्याशी बनाती है तो उन्हें भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा भेजने का पूरा प्रयास किया जाएगा। साहनपुर चेयरमैन एवं आसपा के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि आज़ाद समाज पार्टी समाज के हर वर्ग को साथ लेकर न्याय, सम्मान व विकास की राजनीति




कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 का चुनाव उत्तर प्रदेश के भविष्य का चुनाव होगा। नजीबाबाद विधानसभा की जनता बदलाव का मन बना चुकी है। उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका विश्वास व समर्थन उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी से गाँव-गाँव जाकर पार्टी की नीतियों व राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आज़ाद के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने तथा आज़ाद समाज पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। अब्दुल्ला गुलज़ार ने कहा कि सपा ने हमेशा मुस्लिम समाज से वोट लेकर उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य नहीं किया, इसलिए अब बदलाव का समय आ गया है। विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि दलित, मुस्लिम व पिछड़ा वर्ग यदि एकजुट होकर चंद्रशेखर आज़ाद के नेतृत्व में चुनाव लड़ता है तो भाजपा को पराजित किया जा सकता है। सुखबीर प्रधान ने कहा कि वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में आज़ाद समाज पार्टी एक निर्णायक राजनीतिक शक्ति बनकर उभरेगी तथा उसके समर्थन के बिना सरकार बनाना आसान नहीं होगा। भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष प्रशांत महासागर ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आज़ाद बाबा साहब के मिशन को मजबूती से आगे बढ़ा रहे हैं तथा समाज के वंचित वर्गों की आवाज़ बनकर संघर्ष कर रहे हैं। सुखबीर प्रधान की अध्यक्षता एवं उबैद के संचालन में सरताज राईन, ललित कुमार, रजत कुमार, प्रवेश कुमार सहित अनेक वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बहार आलम, अयाज़ अंसारी, नौशाद सरवरी, इमरान मंसूरी (दिल्लू), नदीम, अवनीश प्रधान, पूर्व प्रधान नफीस, भागीरथ प्रधान, दलीप प्रधान, सुशील प्रधान, यासर, पूर्व प्रधान अब्दुल हई, रईस प्रधान, विनोद प्रधान, प्रदीप प्रधान, सुमित प्रधान, जोगिंदर प्रधान, सलीम प्रधान, राकेश प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य अशोक, धूम सिंह, अब्दुल मलिक, वीरेंद्र आज़ाद, मोहम्मद आज़ाद, सतीश, उस्मान, पवन, मंजू देवी, विजयपाल, इमरान कस्सार, क्षेत्र पंचायत सदस्य महेंद्र सिंह, फ़िरासत, मकसूद चैधरी सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं क्षेत्र के जिम्मेदार लोग उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के प्रयास लाये रंग

# बिजनौर को मिली 96 हजार लम्पी वैक्सीन

**बिजनौर (चिंगारी)।** जनपद में पशुओं में तेजी से फैल रही लम्पी स्किन डिजीज (एलएसडी) को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक द्वारा किए गए लगातार प्रयास रंग लाए हैं। संगठन ने इस संबंध में जनपद की जिलाधिकारी जसजीत कौर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल शासन स्तर पर प्रभावी पहल की, जिसके परिणामस्वरूप बिजनौर जिला मुख्यालय को 96 हजार लम्पी वैक्सीन उपलब्ध हो गई हैं। गौरतलब है कि 3 अगस्त को भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जनपद में तेजी से फैल रही लम्पी महामारी से शासन को अवगत कराने तथा पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध कराने की मांग की थी। इससे पूर्व संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह भी लगातार दूरभाष के माध्यम से संबंधित अधिकारियों के संपर्क में रहकर शीघ्र कार्रवाई की मांग कर रहे थे। जिलाधिकारी की पहल पर शासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए बिजनौर के लिए 96 हजार वैक्सीन उपलब्ध करा दीं। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. लोकेश अग्रवाल ने बताया कि सभी वैक्सीन का वितरण कर दिया गया है तथा युद्ध स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाने की पूरी तैयारी कर ली गई है। जिन गांवों में लम्पी रोग का प्रकोप अधिक है, वहां प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण कराया जाएगा।

3 अगस्त को जिलाधिकारी से मिले प्रतिनिधिमंडल में जिला महासचिव नितेंद्र प्रधान, जिला सचिव अंकुर कुमार तथा नगर अध्यक्ष शुभम चौधरी शामिल रहे।

भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के जिला अध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही ने संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में टीकाकरण अभियान पर नजर रखें और यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक पात्र पशु को समय पर वैक्सीन लगे, जिससे जनपद को लम्पी बीमारी से शीघ्र मुक्त कराया जा सके।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी का चालान

**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 31 जुलाई 2026 को एक महिला द्वारा थाना धामपुर पर तहरीर देकर अवगत कराया गया था कि आरोपी अरशद पुत्र जिलानी निवासी मोहल्ला पक्का बाग, गली नंबर 3, थाना धामपुर ने उसकी पुत्री को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। तहरीर के आधार पर धामपुर पर पुलिस ने धारा 69 बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना आरंभ की। 5 अगस्त 2026 को थाना धामपुर पुलिस द्वारा उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त अरशद पुत्र जिलानी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार युवक का चालान कर उसे जेल भेज दिया।

## सानिया रियाज़ ने डीफार्मा में टॉप कर बढ़ाया नजीबाबाद का मान



**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के मौहल्ला मुनीरगंज निवासी रियाज़ अहमद उर्फ राजू की बेटी सानिया रियाज ने विज़न कॉलेज, नजीबाबाद से डी.फार्मा की पढ़ाई करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 77.65 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सानिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं कॉलेज के शिक्षकों के मार्गदर्शन के साथ नियमित अध्ययन, अनुशासन व कठिन परिश्रम को दिया है। उन्होंने कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और उसे पाने के लिए निरंतर मेहनत की जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। सानिया ने बताया कि वह आगे फार्मेसी के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त कर स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से समाज की सेवा करना चाहती हैं। विज़न कॉलेज के डायरेक्टर मौ.अय्यूब ने सानिया की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता केवल सानिया की नहीं है बल्कि पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय है।


# मिर्गी दौरे

**(मिर्गी के लक्षण)**

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

**डा. अर्सलान अय्यूब**
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



**(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)**

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

**45 वर्ष से आपकी सेवा में**

**मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र**
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


## कथा में माता पार्वती की तपस्या व शिव विवाह का किया भावपूर्ण वर्णन

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के गोविंदनगर कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में चल रही नौ दिवसीय संगीत मय श्री शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन कथावाचक पंडित भोले शंकर शास्त्री ने माता पार्वती की कठोर तपस्या व भगवान शिव से विवाह के दिव्य प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान शिव को प्राप्त करने हेतु माता पार्वती ने घोर तपस्या की। यह इस बात का प्रतीक है कि ईश्वर को पाने के लिए मनुष्य को समर्पण, साधना व संयम का मार्ग अपनाना होता है। प्रत्येक व्यक्ति को ईश्वर से प्राप्त शक्ति व प्रेरणा को अपने जीवन में उतारना चाहिए। यही सच्चा धर्म व जीवन की दिशा है। कथावाचक ने कहा कि भगवान शिव परिवार में भगवान का वाहन नंदी है, मां पार्वती का वाहन शेर है, गणेश का वाहन मूषक है व कार्तिकेय का वाहन मोर है। सभी विपरीत विचारधारा के बीच सामंजस रखना शिव पुराण सिखाता है। श्रोताओं ने कथा के दिव्य प्रसंगों में भावविभोर होकर भक्ति रस का आनंद लिया। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे इस आध्यात्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें। कथा में अनुभा मित्तल, वंदना अग्रवाल, स्वीटी वाधवा, लवली कक्कड़, मधु घिल्डियाल, आशा अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, संगीता डावर, विजया अरोड़ा, पूनम अग्रवाल, पूजा मेहता आदि मौजूद रहे।

## विधायक ने बाईपास के निर्माण को प्रमुख सचिव को फिर सौंपा पत्र

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद ने अपने विधानसभा क्षेत्र नजीबाबाद की प्रमुख सड़क आज़ाद चौक हरिद्वार बाईपास के चौड़ीकरण निर्माण के लिए एक बार फिर प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग अजय चौहान से उनके कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें पत्र सौंपा। विधायक ने प्रमुख सचिव से कहा कि आज़ाद चौक बाईपास निर्माण अति आवश्यक है, पिछले वित्तीय वर्ष में भी उनके आश्वासन के बावजूद यह रोड स्वीकृत नहीं हुआ। जिससे नजीबाबाद क्षेत्र के लोगों को निराशा हाथ लगी। साथ ही राजनीतिक मतभेदों के कारण भी सरकार द्वारा इस रोड का निर्माण कार्य स्वीकृत नहीं किया गया, जो कि एक गंभीर विषय है।



प्रमुख सचिव ने नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद को जल्द ही इसी वित्तीय वर्ष में आज़ाद चौक बाईपास के निर्माण की स्वीकृति देने का आश्वासन दिया है। इसके साथ ही उन्होंने खस्ताहाल सैदपुरी संपर्क मार्ग, सेंट मेरी स्कूल नजीबाबाद मार्ग, करौली से नारायणपुर रतन संपर्क मार्ग के निर्माण की भी मांग प्रमुख सचिव के सामने रखी। शेष संपर्क मार्ग जो कि विधायक नजीबाबाद द्वारा भेजी गई कार्य योजना में शामिल हैं उनके भी जल्द स्वीकृत करने का प्रमुख सचिव ने आश्वासन दिया है।

## चिकित्सकों की लापरवाही से धामपुर निवासी गौरव शर्मा की मौत?

### मृतक के भाई ने दी चिकित्सकों के खिलाफ तहरीर

**धामपुर (चिंगारी)।** गुर्दे की पथरी के ऑपरेशन के दौरान मुरादाबाद के चिकित्सकों की लापरवाही से धामपुर निवासी एक युवक की मौत गई। परिजनों ने थाना सिविल लाइन ,मुरादाबाद में तहरीर देकर पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुर्दे की पथरी के ऑपरेशन हेतु गौरव शर्मा पुत्र क्षेत्रपाल शर्मा, निवासी पहाड़ी दरवाजा, धामपुर ने 4 अगस्त को अटल चौक सिविल लाइन, मुरादाबाद स्थित चिरंजीवी हास्पिटल के चिकित्सकों से परामर्श किया था। मृतक के भाई आशुतोष शर्मा ने बताया कि चिकित्सकों के परामर्श



मृतक का फाइल फोटो।

अनुसार 5 अगस्त को दोपहर लगभग 1 बजे गौरव शर्मा अपनी बहन मीनाक्षी शर्मा एवं छोटे भाई चत्रेश शर्मा के साथ चिरंजीवी हास्पिटल में पहुंचे। लगभग 2 बजे उन्हें ऑपरेशन थियेटर में ले जाया गया। आरोप है कि इसके लगभग 3 घंटे बाद चिकित्सकों ने आनन-फानन में एक एम्बुलेंस बुलाकर गौरव शर्मा को मुरादाबाद स्थित एक अन्य हास्पिटल भेज दिया, जो कि चिरंजीवी हास्पिटल से काफी दूर है। एम्बुलेंस चालक गौरव शर्मा को एक हास्पिटल में छोड़कर रफूचक्कर हो गया। जानकारी मिलने पर गौरव का भाई जब धामपुर से मुरादाबाद पहुंचा तो चिकित्सकों ने कुछ दस्तावेज पर हस्ताक्षर कराये। इसके कुछ समय बाद ही गौरव शर्मा को मृत घोषित करते हुए शव ले जाने का कहा। मृतक के भाई ने चिकित्सकों की लापरवाही से मौत होने की तहरीर पुलिस थाना सिविल लाइन, मुरादाबाद में देकर दोषियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की मांग की है। समाचार लिखे जाने तक मृतक का शव पोस्टमार्टम हाऊस मुरादाबाद में रखा गया है।

# खूनी गुलदार, पिंजरे में क़ैद हुआ आखिरकार

**रायपुर सादात (चिंगारी)।** नगीना देहात क्षेत्र के गांव सिगनी वाला में 8 वर्षीय मासूम रवि की दर्दनाक मौत के बाद ग्रामीणों में फैले भय के बीच वन विभाग को बड़ी सफलता मिली है। गांव में आतंक का पर्याय बने गुलदार को वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में कैद कर लिया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।
गुलदार ने हाल ही में 8 वर्षीय रवि पर हमला कर उसे अपना शिकार बना लिया था। इस हृदयविदारक घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार



को जल्द पकड़ने की मांग की थी। वन विभाग ने प्रभावित क्षेत्र में पिंजरा लगाकर लगातार निगरानी की, जिसके बाद गुलदार पिंजरे में फंस गया। गुलदार के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। वन विभाग कोरिया रेंज के अधिकारी सचिन शर्मा व विभाग की टीम ने गुलदार को अपने कब्जे में लेकर आगे की आवश्यक कार्वाई शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने मांग की है कि क्षेत्र में गन्ने के खेतों और जंगल से सटे गांवों में नियमित गश्त तथा निगरानी जारी रखी जाए, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# 15 अगस्त तक गैस कनेक्शन की ई- केवाईसी कराना जरूरी



एलपीजी उपभोक्ताओं को ई- केवाईसी से सम्बन्धित जानकारी देते इंडियन ऑयल के सेल्स ऑफिसर वीरेन्द्र कुमार सिंह

**नांगल सोती (चिंगारी)।** एलपीजी (घरेलू गैस) उपभोक्ताओं के लिये 15 अगस्त तक अपने कनेक्शन की ई-केवाईसी कराना जरूरी है। ऐसा न करने वाले उपभोक्ताओं को आगे चलकर सिलेंडर के रिफिल के लिये समस्या का सामना करना पड़ सकता है।
यह बात इंडियन ऑयल के सेल्स ऑफिसर वीरेन्द्र कुमार सिंह ने ग्राम शहजादपुर में सहकारी समिति में आयोजित एक मीटिंग में घरेलू गैस उपभोक्ताओं को जागरूक करते हुए कही। उन्होंने कहा कि एलपीजी उपभोक्ता इंडियन ऑयल वन ऐप के जरिये स्वयं भी अपने कनेक्शन की ई-केवाईसी कर सकते हैं। गैस एजेंसी के कर्मचारी ई-केवाईसी करने आयेंगे, तो उन्हें कोई शुल्क नहीं देना है। ई-केवाईसी का कार्य नि:शुल्क है। उन्होंने उपभोक्ताओं का आहवान किया कि वे जल्द से जल्द एजेंसी पर जाकर या ऐप के जरिये अपने कनेक्शन की ई-केवाईसी करा लें, ताकि उनके कनेक्शन पर गैस सिलेंडर के रिफिल की आपूर्ति सुचारू रूप से होती रहे।
श्री जी इंडेन सेवा चंदोक के प्रोपराइटर एड. ब्रजराज सिंह देशवाल ने कहा कि यदि उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी के सम्बन्ध में कोई भी समस्या आ रही हो, तो वे अविलंब चंदोक स्थित कार्यालय में जाकर अपने कनेक्शन की ई-केवाईसी करायें। उन्होंने बताया कि उनकी एजेंसी का कहीं पर कोई सब-डिस्ट्रीब्यूटर नहीं है। उनका केवल एक ही कार्यालय है, जो कि चंदोक में स्थित है। मीटिंग में गैस एजेंसी से सुबोध कुमार, अर्पण कुमार, नसीम अहमद पेमा, अर्जुन सिंह, मौ. यूसुफ, दिनेश कुमार सहित कई उपभोक्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# दुबई से लौटा शेरकोट का युवक पुणे में लापता



**शेरकोट (चिंगारी)।** एक सप्ताह पूर्व दुबई से घर लौट रहा युवक पुणे में लापता हो गया। हर सम्भव स्थान पर तलाश करने के उपरांत भी युवक का पता न लग पाने से परिजनों की चिंता बढ़ती जा रही है। नगर के मुहल्ला कोटरा निवासी मौ. अफजल पिछले कुछ वर्षों से दुबई के आबूधाबी स्थित किसी कम्पनी में नौकरी करता था। अफजल के भाई फैसल ने बताया कि गत 30 जुलाई को वह दुबई से अपने घर आ रहा था। उसकी फ्लाइट को देर रात दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरना था, इसी के हिसाब से परिजन अफजल को लेने दिल्ली एयरपोर्ट गए थे। फैसल के मुताबिक फ्लाइट आने के बाद अफजल के न पहुंचने पर जब जानकारी की गई तो पता लगा कि वह पुणे एयरपोर्ट पर उतर गया है। अफजल से सम्पर्क न होने पर परिजन पुणे एयरपोर्ट पहुंचे और जानकारी की तो उसके उतरने का पता चला, लेकिन उसके बाद वह कहां गया ये नहीं पता लगा। फैसल ने बताया कि उनके द्वारा पुणे पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर दे दी गई है। परिजन लापता युवक को हर सम्भव स्थान पर तलाश करने में जुटे हैं, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पा रहा है, जिससे परिजनों की चिंता बढ़ती जा रही है।

# थाने पहुंचकर बोली प्रेमदीवानी

## मैं अपनी मर्जी से गई थी, हमने कोर्ट मैरिज कर ली

**नांगल सोती (चिंगारी)।** पिता द्वारा कथित रूप से अपहृत बताई जा रही युवती बुधवार को स्वयं ही थाने पहुंच गई तथा पुलिस को बताया कि वह अपने प्रेमी के साथ अपनी मर्जी से गई थी और उसने कोर्ट मैरिज कर ली है। पुलिस ने युवती को मेडिकल परीक्षण के लिये भेजा है।
विगत 2 अगस्त को थाना क्षेत्र के निवासी एक व्यक्ति ने नांगल थाने में दर्ज कराये मुकदमे में कहा था कि उसकी 22 वर्षीय पुत्री को 29 जुलाई की रात्रि में नांगल थानांतर्गत ग्राम बरकातपुर का निवासी सौरव पुत्र तुलाराम अपने प्रेमजाल में फंसाकर ले गया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 87 के अंतर्गत युवती के अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया था। युवक और युवती एक ही संप्रदाय, परन्तु अलग-अलग जाति के हैं। बुधवार को युवती स्वयं ही थाने पहुंच गई और पुलिस को बताया कि उसका अपहरण नहीं हुआ था, बल्कि वह अपनी मर्जी से अपने प्रेमी के साथ गई थी। युवती ने पुलिस को बताया कि उसने युवक के साथ दिल्ली में कोर्ट मैरिज कर ली है। युवक वर्तमान में दिल्ली में ही रह रहा है। युवती ने बताया कि अब वे पति-पत्नी हो चुके हैं और साथ ही रहेंगे। विवेचक हरस्वरूप शर्मा ने बताया कि युवती के बयान दर्ज कर उसे मेडिकल परीक्षण के लिये भेजा गया है। उसके बाद युवती के बयान न्यायालय में दर्ज कराये जायेंगे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# क्षत्रिय राजपूत सभा बिजनौर का चुनाव सम्पन्न

## ब्रजवीर सिंह बने अध्यक्ष, अतुल विक्रम महासचिव

**बिजनौर (चिंगारी)।** क्षत्रिय राजपूत सभा, बिजनौर का द्विवार्षिक चुनाव बुधवार सायं 6 बजे चुनाव अधिकारी सुनील कुमार राजपूत की देखरेख में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष महेंद्र सिंह चौहान ने की, जबकि संचालन महासचिव देवेंद्रपाल सिंह एडवोकेट ने किया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सभी पदों पर एक-एक नामांकन पत्र प्राप्त होने के कारण सभी प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। अध्यक्ष पद पर ब्रजवीर सिंह राजपूत, महासचिव पद पर अतुल विक्रम सिंह एडवोकेट, महिला उपाध्यक्ष पद पर दृष्टि राठौर, उपाध्यक्ष पद पर खूब सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष पद पर मनोज कुमार चौहान, उपसचिव पद पर राहुल सिंह तथा ऑडिटर पद पर राहुल कुमार निर्वाचित हुए।
इसी प्रकार कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सुरेशचंद तोमर, यश कुमार, विजयपाल सिंह चौहान, योगेंद्र सिंह राजपूत एवं डॉ. गीत कुमार चौहान को निर्विरोध चुना गया। चुनाव अधिकारी सुनील कुमार राजपूत ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि नई कार्यकारिणी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा समाजहित में प्रभावी कार्य करेगी। इस अवसर पर वीरेश बल एडवोकेट, इंद्रदीप सिंह, रविंद्र सिंह सेंदा एडवोकेट, गौरव चौहान, अनुभव चौहान, के.के. सिंह, ठाकुर गजेंद्र सिंह, सुनील कुमार चौहान, राजेंद्र सिंह सोलंकी, नरेश कुमार, देवेंद्र सिंह, सचिन राजपूत, नवदीप सिंह एडवोकेट, सत्यवीर सिंह, अंजलि चौहान, स्वाति चौहान, सुनीता सिंह, गीता चौहान, कविता चौहान, राजवीर सिंह एडवोकेट, भुवनेश कुमार, वंश चौहान, विराज प्रताप सिंह, रसिक चौहान सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित रहे।

# किसानों ने अपनी मांगों को लेकर मोर्चा खोला

## एक्सप्रेस-वे के लिए जो भूमि अधिग्रहण हो, उसका बाज़ार रेट से 10 गुना मुआवजा दिया जाए

**स्योहारा ( चिंगारी )।** बुधवार को अपनी मांगों को लेकर किसानों ने मोर्चा खोल दिया। किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम धामपुर को ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट किया कि वे विकास कार्यों के विरोधी नहीं हैं, लेकिन उनकी आजीविका का एकमात्र आधार कृषि भूमि है। ऐसे में उचित मुआवजा और पारदर्शी भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए।

बुधवार को ग्राम गुरदासपुर, बहादुरपुर, सत्तो नगली, दिनदारपुर, दौलताबाद, मंदौरी, कृष्णा रामपुर, सुल्तानपुर समेत कई गांवों के किसान एकजुट होकर तहसील पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम धामपुर को सौंपा। किसानों ने कहा कि गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस-वे प्रदेश के विकास की महत्वपूर्ण परियोजना है, लेकिन इसके लिए अधिग्रहित की जा रही कृषि भूमि का उचित मूल्य मिलना भी उतना ही आवश्यक है। ज्ञापन में किसानों ने मांग की कि अधिग्रहित भूमि का मुआवजा वर्तमान बाजार मूल्य के आधार पर कम से कम 10 गुना निर्धारित किया जाए। साथ ही भूमि की पैमाइश, सीमांकन और अन्य सभी राजस्व संबंधी कार्रवाई संबंधित किसान की उपस्थिति में कराई जाए तथा इसकी पूर्व सूचना लिखित रूप से दी जाए।



किसानों ने कहा कि अधिग्रहित होने वाली प्रत्येक खसरा संख्या का नक्शा और पूरा विवरण किसानों को उपलब्ध कराया जाए। यदि किसी भूमि को लेकर विवाद या आपत्ति हो तो उसका निस्तारण मुआवजा तय करने से पहले किया जाए, ताकि बाद में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने यह भी मांग की कि मुआवजा वितरण की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रखी जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि जिन किसानों की अधिकांश या पूरी कृषि भूमि अधिग्रहित हो रही है, उनके पुनर्वास, रोजगार और आजीविका की सुरक्षा के लिए सरकार विशेष नीति बनाए। वहीं जिन किसानों की भूमि एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर बच रही है, वहां तक सिंचाई व्यवस्था प्रभावित न हो। इसके लिए पाइपलाइन और आवश्यक स्थानों पर अंडरपास का निर्माण कराया जाए, ताकि किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने और खेती करने में कठिनाई न हो।

ज्ञापन देने वालों में डॉ. अभयवीर सिंह ढाका, भूपेंद्र सिंह, तुलाराम सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, बालकरण सिंह, परम सिंह, रामअवतार सिंह, रघुवीर सिंह, महेंद्र सिंह, धर्मवीर सिंह, सोहन प्रकाश, पुष्पेंद्र कुमार, वीर सिंह, विनोद कुमार, देशराज सिंह, राजकुमार शर्मा, प्रभात कुमार, राजेंद्र सिंह, रेखा देवी, छाया देवी, सुनीता देवी सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# नामित सभासद पर एससी-एसटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज

**स्योहारा ( चिंगारी )।** नगर पंचायत सहसपुर के नामित सभासद पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर आपत्तिजनक भाषा बोलना उस समय भारी पड़ा, जब अवर अभियंता के सहयोगी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

झालू निवासी आशीष कुमार, जो नगर पंचायत सहसपुर में तैनात अवर अभियंता के सहयोगी हैं, ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि 28 जुलाई को नगर पंचायत सहसपुर के नामित सभासद मोहम्मद वसीम ने उनके मोबाइल फोन पर शाम 7:04 बजे से रात करीब 10 बजे तक लगातार कॉल कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि बातचीत के दौरान आरोपी ने अवर अभियंता के प्रति भी आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया और विरोध करने पर उनके साथ गाली-गलौज की।

तहरीर के अनुसार, बातचीत के दौरान आरोपी ने शिकायतकर्ता को उसकी जाति के आधार पर अपमानित करते हुए जातिसूचक शब्द कहे तथा सहसपुर आने पर जान से मारने की धमकी दी। आशीष कुमार का यह भी आरोप है कि आरोपी ने उन्हें लगातार 28 कॉल और अलग से 19 अन्य कॉल कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया तथा भय का वातावरण बनाने का प्रयास किया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। अब पुलिस कॉल डिटेल, कॉल रिकॉर्डिंग और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की विवेचना कर रही है।

### सीओ का कहना है...

**आशीष कुमार की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है। कॉल डिटेल, कॉल रिकॉर्डिंग सहित अन्य उपलब्ध साक्ष्यों का परीक्षण कराया जाएगा। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।**

**-अंजनी कुमार चतुर्वेदी, सीओ धामपुर।**



# 'सलोनी सिंह को मिला गोल्ड मैडल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विवेक कॉलेज ऑफ लॉ की छात्रा सलोनी सिंह ने एमजेपी रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय के बी.ए.एलएल.बी. पाठ्यक्रम में स्वर्ण पदक हासिल कर अपने माता-पिता और शिक्षकों को गौरान्वित किया। सलोनी सिंह ने बी.ए.एलएल.बी. में कुल 71.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की है। विवेक विश्वविद्यालय के चांसलर अमित गोयल ने सलोनी सिंह को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बी.ए.एलएल.बी. विवेक विश्वविद्यालय का एक प्रतिष्ठित पाठ्यक्रम है और इस सत्र से विवेक विश्वविद्यालय में बी.बी.ए. एलएल.बी. आनर्स भी प्रारम्भ हो चुका है। डीन डा. राजीव कुमार चौधरी ने बताया कि बी.ए. एलएल.बी. पाठ्क्रम में विवेक कॉलेज ऑफ लॉ का यह सातवां यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल है, जो विधिक शिक्षा में एक बड़ी उपलब्धि है।

# लोकप्रिय इंटर कॉलेज में हुई शूटिंग प्रतियोगिता




निशाना लगाते हुए रामवीर सिंह।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** लोकप्रिय इंटर कॉलेज केलनपुर में मुरादाबाद मंडल की शूटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका शुभारंभ महावीर सिंह ढाका, पूनम चौधरी एवं शिवसेना प्रमुख वीर सिंह व पूर्व विधायक सुखवीर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष रालोद नरेंद्र आचार्य, भाजपा नेता सेवा सिंह एवं जाट सभा अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, सुशील चौधरी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रिंसिपल हरवीर सिंह द्वारा सभी आगंतुकों को बुके देकर सम्मानित किया। मास्टर सतेंद्र सिंह केलनपुर ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर कुलदीप चिकारा, अमित यादव, आकाश राठी, सुरेंद्र चेयरमैन, नरेश सिंह, मास्टर इंद्रमणि आदि उपस्थित रहे।

# मंदिर में चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया युवक

**शेरकोट ( चिंगारी )।** मंदिर में चोरी कर रहे युवक को आसपास के लोगों ने रंगे हाथ पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया। मुहल्ला खुराड़ा निवासी वेदप्रकाश पुत्र हज़ारी सिंह के अनुसार गत मंगलवार की देर शाम एक व्यक्ति चुंगी नंबर पांच के निकट स्थित शिव मंदिर में रखे दानपात्र का ताला तोड़कर उसमें से नकदी निकाल रहा था। इस दौरान आसपास के कुछ लोगों ने उसे पकड़ लिया। मौके पर जमा हुए लोगों द्वारा तलाशी लेने पर उस व्यक्ति के पास से दानपात्र से चुराई गई 6370 रुपए की नकदी बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम करन पुत्र मनीराम निवासी थाना दिनेशपुर, जिला उधमसिंह नगर बताया। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया गया।



# 17 को बिलाई मिल पर महापंचायत करेगा किसान मोर्चा

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )। बिलाई चीनी मिल द्वारा बकाया गन्ना भुगतान नहीं किए जाने के विरोध में किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा ने 17 अगस्त को मिल के मुख्य द्वार पर महापंचायत कर आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। इस संबंध में मंगलवार को ग्राम ऊमरी में संगठन की बैठक आयोजित की गई।**



बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा ने पहले 10 जुलाई को बिलाई मिल पर आंदोलन की घोषणा की थी, लेकिन मिल के वरिष्ठ अधिकारियों के वार्ता प्रस्ताव पर आंदोलन स्थगित कर दिया गया था। वार्ता के दौरान संगठन ने मिल प्रबंधन को गन्ना भुगतान के लिए एक माह का समय दिया था, लेकिन निर्धारित अवधि बीत जाने के बाद भी किसानों का भुगतान नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि गन्ना भुगतान के मामले में उत्तर प्रदेश शासन और जिला प्रशासन मौन है। विधानसभा चुनाव नजदीक होने के बावजूद किसानों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। विकास चौधरी ने यह भी आरोप लगाया कि मिल कर्मचारी गन्ना सर्वे प्रदर्शन के साथ किसानों से बिलाई मिल को गन्ना देने संबंधी सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर करा रहे हैं, ताकि रिजर्वेशन बैठक में किसान मिल का विरोध न कर सकें। उन्होंने इसे किसानों के हितों के खिलाफ बताते हुए इसका विरोध किया। बैठक में जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी, मोहित कुमार, मुस्तकीम अंसारी, इमरान चौधरी, केशव सिंह, कमलबीर सिंह, संजय सिंह, सजाऊद्दीन, नौशाद अहमद, सुभाष, दीपक कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान और संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दीक्षांत समारोह में प्रदीप कुमार को मिली पीएच.डी. की उपाधि

**बिजनौर ( चिंगारी )।** एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्व विद्यालय, बरेली में अपने 24 वें दीक्षांत समारोह में प्रदीप कुमार पुत्र श्री हरिराज दत्त निवासी ग्राम बागानांगल, पोस्ट हल्दौर, बिजनौर को शोध शीर्षक 'मैथमेटिकल मॉडलिंग ऑफ इनवेंटरी सिस्टम विद एण्ड विदआउट पार्शियल बैकलॉगिंग' पर पीएच.डी की उपाधि प्रदान की। प्रदीप कुमार ने अपना शोध कार्य वर्धमान कालेज, बिजनौर के गणित विभाग के प्रो. डा. एस.के. शोन के निर्देशन में पूरा किया। बाह्य परीक्षक के रूप में के.एन.आई.टी. सुल्तानपुर से आये प्रो. आर.के. त्रिपाठी ने प्रदीप कुमार के काम की प्रशंसा की। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डा. प्रीति खन्ना, गणित विभाग की प्रभारी डा. पूनम शर्मा, अन्य प्रोफेसर्स डा. धर्मेन्द्र यादव, डा. पंकज भटनागर, डा. राजीव मलिक, डा. विपिन, डा. विकास व डा. राजीव विश्नोई ने प्रदीप कुमार को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के चार पदाधिकारी निष्कासित



**बिजनौर ( चिंगारी )।** महात्मा विदुर पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन, बिजनौर (उत्तर प्रदेश) की एक महत्वपूर्ण बैठक राजा का ताजपुर स्थित दीवान बैंकेट हॉल में आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक शामिल हुए। बैठक के दौरान संगठन द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर किए गए खर्च का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। इसके बाद संगठन के प्रति कथित रूप से अनुशासनहीनता एवं गलत गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने के आरोप में चार पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निष्कासित करने का निर्णय लिया गया। संगठन के अध्यक्ष अरविंद कुमार लांबा ने तहसील अध्यक्ष बिजनौर तरुण सहरावत, वरिष्ठ पदाधिकारी बृजपाल सिंह, तहसील संरक्षक नजीबाबाद विजय सिंह राणा तथा जिला मीडिया प्रभारी राहुल जवान को तत्काल प्रभाव से संगठन से निष्कासित करने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सैनिक ब्रह्मपाल सिंह ने की, जबकि संचालन नरेश कुमार एवं लवकुश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर संरक्षक यशपाल सिंह, अध्यक्ष अरविंद कुमार लांबा, मुनेंद्रपाल सिंह, गोपाल शरण, चंद्रभान सिंह, प्रमोद कुमार, शिवदत्त, मुकेश कुमार, मुस्ताक अहमद, चेतराम सिंह, रेसपाल सिंह, सूरजमल सहित अनेक पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## टांड पर नाग दिखने से घर में हड़कम्प

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** आज दोपहर ग्राम खानपुर के एक घर में नाग प्रजाति का सांप देखे जाने से हड़कंप मच गया। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काले नाग को रेस्क्यू करने का अभियान शुरू किया। ग्राम खानपुर निवासी रामकुमार सिंह बरसात होने के कारण अपने घर के एक कमरे में मौजूद टांड पर प्लास्टिक पन्नी ढूंढने के लिये सीढ़ी लगाकर चढ़े थे। टांड पर चढ़कर जब वे पन्नी ढूंढ रहे थे, तो उन्होने टांड पर चलता हुआ एक नाग दिखाई दिया।

## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी ऑकू, नहटौर

पत्रांकः- बेसिक/ख.वि./229/2026-27 दिनांकः- 05.08.2026

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विकास क्षेत्र ऑकू के 16 (सौलह) परिषदीय विद्यालयों में स्थित जर्जर भवनों की नीलामी दिनांक 18.08.12026 को प्रातः 12 बजे से बीआरसी ऑकू के मीटिंग हाल में की जानी है। निष्प्रयोजन भवनों का अवलोकन सम्बंधित विद्यालयों में जाकर किया जा सकता है। जर्जर भवनों की सूची व नीलामी की शर्ते बीआरसी कार्यालय ऑकू पर चस्पां है।

**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**वि.क्षे.-ऑकू ( नहटौर )**

# मानसून सत्र में सक्रिय रहे विधायक मनोज पारस




लखनऊ में सपा विधायकों के साथ सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में हिस्सा लेते विधायक मनोज पारस।

**नगीना ( चिंगारी )।** स्थानीय सपा विधायक मनोज पारस ने पार्टी हाई कमान के निर्देश पर विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान कई मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया। विधायक मनोज पारस ने बताया कि उन्होंने पार्टी के अन्य विधायकों के साथ चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर प्रदेश के जनहित के मुद्दों पर मजबूती से विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि किसानों की आय दोगुनी करने के अधूरे वादे, यूरिया की किल्लत से परेशान अन्नदाता, प्रदेश के साथ पूरे उत्तर प्रदेश में छुट्टा पशुओं से बर्बाद होती फसलों और चीनी मिल में गन्ना किसानों के साथ हो रहे अन्याय जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार को घेरने का काम किया है।

# अविश्वास और शंका, भगवान शंकर के घर को भी जला सकती है - संघर्षी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** यहां मौहल्ला गोकुलनगर, स्थित शिव-गौरी मंदिर में आयोजित सदाशिव महापुराण के द्वितीय दिवस पर प्रवचन करते हुए कथा व्यास महंत-पं. रविन्द्र भारद्वाज संघर्षी जी महाराज ने कहा कि- अविश्वास और शंका, भगवान शंकर के घर को भी जला सकती है। यदि माता सती जी भोले बाबा जी पर विश्वास करके अगस्त्य मुनि जी के मुखारविंद से अमर कथा श्रवण कर लेंती और प्रभु श्री राम जी पर शंका करके उनकी परीक्षा न लेंती, तो शायद उन्हें अग्नि में दाह करना नहीं करना पड़ता। इसीलिए जिस घर में पति और पत्नी श्रृद्धा और विश्वास रहता है, वहां कभी भी झगड़े की नौबत नहीं आती है।



श्री संघर्षी महाराज ने आगे कहा कि यदि कलिकाल की मार से संसार में हमें कोई बचा सकता है, तो वे स्वयं महाकालेश्वर सदाशिव भगवान जी ही हैं। और देवताओं को तो मनाने में सदियां गुज़र जाती हैं, किन्तु सदाशिव भगवान तो क्षण मात्र में ही प्रसन्न होकर भक्त को मालामाल कर देते हैं। कथा में आचार्य की भूमिका पं. देव भारद्वाज (देवाशीष महाराज) ने की। कथा में डा. सुरेश कुमार सैनी, शलभ कुमार अग्रवाल, नीरज सैनी, निर्देश सैनी, मयंक सिंघल, हर्षित भारद्वाज, हर्षित प्रजापति, रेशव भारद्वाज, मिनाक्षी सिंघल, श्रीमती सुनीता गोयल, मिनाक्षी भारद्वाज, श्रीमती राशि अग्रवाल, श्रीमती आदेश वर्मा, श्रीमती नीरज चौधरी, श्रीमती डिम्पल अग्रवाल, श्रीमती ममता भारद्वाज, श्रीमती बीना साधना, श्रीमती धारणा चौधरी, श्रीमती प्रीति चौधरी, श्रीमती मंजु भटनागर, श्रीमती अलका सिंगल, श्रीमती चंचल अग्रवाल, श्रीमती माया अग्रवाल, श्री मती आशा देवी, कु. सुहानी, कु. साक्षी पवार इत्यादि का विशेष योगदान रहा।

# अकीदत के साथ निकाला गया मातमी जुलूस

**कोतवाली देहात (चिंगारी)। चेहल्लुम के मौके पर बुधवार को मजलिस तथा मातमी जुलूस अकीदत के साथ देर शाम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर इमाम हुसैन सहित कर्बला के 72 शहीदों की याद में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर खिराजे-ए-अकीदत पेश किया।**



इस दौरान नोहा ख्वानी व जंजीरों से खूनी मातम किया गया। स्थानीय इमामबाड़े में आयोजित मजलिस में उलेमा ने इमाम हुसैन की शहादत व कर्बला के वाकये पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि कर्बला के मैदान में इमाम हुसैन की शहादत का वाकया इंसानियत, सत्य, न्याय और अत्याचार के खिलाफ़ डटकर खड़े होने का संदेश देता है। मजलिस के उपरांत मातमी जुलूस अपने निर्धारित समय से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होता हुआ अपने गंतव्य पर जाकर देर शाम संपन्न हुआ। जुलूस के दौरान नोहा व मरसिये मातम कर कर्बला के शहीदों को याद किया। इस दौरान सौगवारों ने जंजीरों व छुरियों से मातम कर स्वयं को लहूलुहान कर लिया। कस्बे में कावड़ यात्रा के आवागमन को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हुए थे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस क्षेत्राधिकारी नगीना राजेश सोलंकी व थाना प्रभारी सुनील सहरावत भारी पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान इमरान शमी कुरैशी, प्रधान पद के प्रत्याशी कफील मलिक, पूर्व प्रधान डा. इश्तियाक मोहम्मद अंसारी, बबलू कुरैशी, पूर्व प्रधान असलम कुरैशी आदि ने पुलिस प्रशासन व आयोजन समिति के लोगों के बीच बेहतर समन्वय बनाने व जुलूस को शांति पूर्ण संपन्न करने में पूर्ण सहयोग किया तथा अंत में मुल्क में अमन व आपसी भाई-चारा कायम रहने के लिए दुआ की गई।

# रात तक चिंगारी के इंतजार में बैठे रहते हैं पाठक

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** लोकप्रिय समाचार पत्र चिंगारी सांध्य दैनिक आजकल क्षेत्र में देर रात्रि तक ही पहुंच पा रहा है, जिसके कारण चिंगारी पाठकों में भारी बेचैनी है। भूमि विकास बैंक हल्दौर के चेयरमैन राकेश कुमार प्रधान, पं. पवन कुमार शर्मा, लाला सुरेश चंद, लाला उमेश चंद्र, बंसल, डॉ. अंकित कुमार आदि पाठकों ने जानकारी देते हुए बताया कि चिंगारी शासन-प्रशासन के मध्य सेतु का काम करता है। इसलिए वह काफी लोकप्रिय है। चिंगारी उसे पढ़ने के लिए लोग बेचैन रहते हैं। अपराह्न 4 बजे से ही सभी चिंगारी की बाट जोहने लगते हैं। चिंगारी हाथों में आते ही अजीब सा सुकून मिलता है, लेकिन अब रात्रि तक चिंगारी के इंतजार में बैठे रहना पड़ता है। बताते चलें कि बिजनौर कार्यालय से छाछरी मोड होते हुए चिंगारी रोजाना सायं चार से 5 बजे के बीच हीमपुर दीपा गांव पहुंचता रहा है, लेकिन छाछरी मोड़ पुलिस पिकेट पर तैनात पुलिस कांवड़ यात्रा के नाम पर वाहनों पर पूरी तरह रोक लगा रखी है। इसी कारण वाहन छाछरी मोड़ से सीधे सबलपुर गांव होते हुए स्याऊ-चांदपुर पहुंच रहे हैं। थाना प्रभारी हीमपुर दीपा को भी अवगत कराया गया कि अखबार आपातकालीन और आवश्यक सेवा में शामिल है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया। क्षेत्र के पाठकों ने पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से व्यवस्था में अतिशीघ्र सुधार कराये जाने की मांग की है, ताकि पाठकों को चिंगारी समय पर मिल सके।



# खंडसाल में गुलदार दिखाई देने से प्रशासन में हड़कम्प

**नहटौर (चिंगारी)।** नूरपुर मार्ग पर स्थित गांव खंडसाल के पास सड़क पार करते एक गुलदार के दिखाई देने से क्षेत्र में दहशत फैल गई। मामला कांवड़ यात्रा मार्ग से जुड़ा होने के कारण सूचना मिलते ही वन विभाग और प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए वन विभाग की टीम ने तुरंत मोर्चा संभाला और मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए डिप्टी वन रेंजर राकेश कुमार पुलिस व वनकर्मियों की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। गुलदार की सटीक लोकेशन और उसकी गतिविधियों को ट्रैक करने के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया गया। बुधवार शाम करीब साढ़े छह बजे ड्रोन कैमरे के जरिए आसपास के खेतों, गन्ने की फसलों और झाड़ियों में गहन चैकिंग अभियान चलाया गया। डिप्टी वन रेंजर राकेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों से गुलदार के सड़क पार करने की सूचना मिली थी, जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए टीम भेजी गई। चूंकि यह कांवड़ यात्रा का मुख्य मार्ग है, इसलिए सुरक्षा और सतर्कता हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए क्षेत्र में लगातार ड्रोन से कॉम्बिंग और गश्त की जा रही है। वन विभाग ने कांवड़ यात्रियों और स्थानीय ग्रामीणों से सतर्क रहने, देर रात समूह में चलने और झाड़ियों वाले इलाकों के पास सावधानी बरतने की अपील की है।



ड्रोन से गुलदार को सर्च करते वन विभाग की टीम।

## कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जाहिद अंसारी द्वारा संस्था जामा मस्जिद अंसारियान इन्तेजामिया कमेटी, मौ. अन्सारियान ग्राम व पो. शहजादपुर तह. धामपुर, जिला बिजनौर का अध्यक्ष दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये हैं। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्व श्री 1. जाहिद अंसारी- अध्यक्ष, 2. वहाजुद्दीन- उपाध्यक्ष, 3. नसरूद्दीन- प्रबंधक, 4. शहजाद- उप प्रबंधक, 5. मौ. अकील- कोषाध्यक्ष, 6. अलताफ हुसैन, 7. अब्दुल्ला- सदस्य दर्शाये गये है।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बंधी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि.एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आज्ञा से

**(आनन्द विक्रम सिंह)**
**सहायक निबंधक**



# माहौल पूर्णतः हुआ शिवमय

**चांदपुर (चिंगारी)। सावन की शिवरात्रि के नजदीक आने के साथ ही हरिद्वार से गंगा जल लेकर प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु चांदपुर से होकर अपने गंतव्य की ओर जाने से नगर का वातावरण पूर्णतः शिवमय हो गया है। युवा समाजसेवी आशू गोयल चांदपुर से होकर जाने वाले कांवरतियों की दिन-रात सेवा करने में लगे हुए हैं। आशु गोयल कांवरियों को अपनी ओर से पानी की बोतल, केले आदि वितरित करने में लगे हुए है। कांवरतियों की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने कड़े प्रबंध किए हैं।**

# जीपीडीपी विषय पर हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**किरतपुर (चिंगारी)। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत कल विकास खंड किरतपुर के डबाकरा हॉल में ग्राम पंचायत डेवलपमेंट प्लान जीपीडीपी विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एडीओ पंचायत बाबूराम एवं प्रशिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर किया।**

प्रशिक्षण में विकास खंड के सभी पंचायत सचिवों एवं पंचायत सहायकों ने प्रतिभाग किया। एडीओ पंचायत बाबूराम ने ग्राम पंचायत विकास योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षक जितेंद्र कुमार ने ग्राम पंचायत विकास योजना की अवधारणा, उसके निर्माण की प्रक्रिया एवं विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं प्रशिक्षक ममता सैनी ने गुणवत्तापूर्ण पंचायत डेवलपमेंट प्लान तैयार करने पर चर्चा करते हुए कहा कि ग्राम सभा से पूर्व महिला सभा एवं बाल सभा का आयोजन आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स के अंतर्गत जिन विषयों में पंचायत के अंक कम हैं, उन क्षेत्रों में संकल्प लेकर विकास कार्य किए जाने चाहिए। प्रशिक्षक मोहम्मद वसीम ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2026 की जानकारी देते हुए बताया कि कचरे को चार श्रेणियों गीला कचरा, सूखा कचरा, स्वास्थ्यकर कचरा एवं देखभाल संबंधी कचरा में अलग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 20 हजार वर्गमीटर निर्मित क्षेत्र, प्रतिदिन 40 हजार लीटर जल उपयोग करने वाले संस्थान अथवा 100 किलोग्राम प्रतिदिन कचरा उत्पन्न करने वाली इकाइयों को भी नियमावली के दायरे में शामिल किया गया है। इस अवसर पर एडीओ पंचायत बाबूराम, पंचायत सचिव मुनेंद्र सिंह, विवेक देशवाल, ऊषा देवी, अनुज मलिक, विपिन कुमार, सहदेव सिंह, प्रशिक्षक जितेंद्र कुमार, मोहम्मद वसीम, ममता सैनी सहित सभी पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायक उपस्थित रहे।





## राशिफल

## विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शुक्रवार, 7 अगस्त 2026**

मेष- भाग्योन्नति के नवीन आयाम, सुलभ, दूसरों की सलाह से कामयाबी, व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, व्यक्तिगत जीवन में नवीन उपलब्धि हासिल।

वृषभ- व्यापार में धन निवेश, कठिनाइयों का निराकरण, रचनात्मक कृत्यों की ओर संलग्नता, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, शारीरिक मानसिक कष्ट में कमी।

मिथुन- ग्रहस्थिति विपरीत, आय की तुलना में व्यय अधिक, अकेलेपन की अनुभूति, आपसी सम्बन्धों में मतभेद, स्पष्टवादिता आपके लिए घातक, नवसम्पर्क व्यर्थ।

कर्क- अधूरी योजना की पूर्ति, समझदारी से किया गया कार्य लाभप्रद, सम्मान में वृद्धि, स्वयं की प्रतिभा का सदुपयोग, उत्साह में वृद्धि, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य।

सिंह- समय शुभ, नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, आत्मसंयम से सिद्धि, विशिष्टजनों से सम्पर्क, सामाजिक गतिविधियों की ओर रुचि, जीवन साथी से सहयोग।

कन्या- प्रगति हेतु प्रयत्नशील, सद्विचारों का उदय, आपसी सौहार्द, वैमनस्यता का समापन, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता, दाम्पत्य जीवन मधुर, धर्म-अध्यात्म में रुचि।

तुला- कार्यों के प्रति उदासीनता, प्रियजनों से विश्वासघात की आशंका, आर्थिक हानि, वैवाहिक जीवन में असंतोष, व्यय की अधिकता, अकेलेपन की अनुभूति।

वृश्चिक-शुभ भावनाओं का उदय, विचाराधीन योजना को मूर्तरूप में परिणित, स्वयं का निर्णय हितकर, जनकल्याण की ओर प्रवृत्ति, व्यक्तित्व को बनाये रखने में व्यय।

धनु- व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, व्यक्तित्व का विकास, विचारित कार्यों में प्रगति का सिलसिला, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, पठन-पाठन में रुचि, आत्मिक शांति।

मकर- सामयिक सिद्धि का प्रयास, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, मनोरंजन की ओर रुझान, लाभ का मार्ग प्रशस्त।

कुम्भ- वांछित प्रगति हेतु किये जा रहे प्रयास असफल, धनागम में बाधा, मित्रों एवं परिजनों से गलतफहमी, व्यापारिक पहलू को लेकर चिन्तित, सुख शांति का अभाव।

मीन- सफलता का सुयोग, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722


# मा. मंगत सिंह : उम्र 90 पार, चुस्ती-फुर्ती बरकरार



**90 + प्लस**

**वास्तव में इस संसार में ऐसी अनेक विभूतियां हैं, जिन्होंने अपने कर्मों के द्वारा समाज को कुछ न कुछ अवश्य ही दिया है। उन्हीं में से मा. मंगल सिंह हैं जिनकी उम्र 90 से ऊपर है और अब भी सारा काम अपने आप ही करते हैं। कई वर्षों तक उन्होंने प्राथमिक बच्चों को शिक्षित कर एक नये मुकाम तक पहुंचाया। चाहे वो रगमंच हो या फिर आध्यात्मिक क्षेत्र।**

ये ऐसे हस्ताक्षर हैं जिन्होंने रामलीला के मंचों पर मा. चन्द्रशेखर शर्मा, रामकुमार राठौर, जितेन्द्र शर्मा, कृष्ण बहादुर, ओमप्रकाश महन्त जी के साथ कभी राम, कभी लक्ष्मण, कभी अमर सिंह का रोल बखूबी किया। अगर उनकी याददाश्त को देखे तो जब मैं उनके पास गया, तो उन्होंने सहज ही पहचान लिया कि आप धीमान जी के सुपुत्र हैं। सुबह पांच बजे उठना और घूमना उनकी



आदत है। फिर प्रभु का स्मरण करना। हमेशा सात्विक विचार रखना तथा घर के कामों में भी हाथ बटाना उनकी आदत है। अब भी इस उम्र में उनमें कोई भी रोग, ब्लड प्रेशर, शुगर नहीं है। कभी-कभी चश्मा लगा लिया। उनकी चिंगारी और बिजनौर टाइम्स प्रिय अख़बार हैं।

अखाड़े में भी उनका कोई हाथ नहीं थामता था। फुर्तीला शरीर ये गवाही देता है कि वास्तव में जब जवान होंगे तो इनके सामने कोई नहीं टिकता होगा। आजकल के नोजवानों के लिए सन्देश- जब उनसे पूछा कि आप क्या सन्देश आज की पीढ़ी को देंगे, तो स्पष्ट दोटूक शब्दों में कहा कि मां-बाप की सेवा और सोशल मीडिया से दूर रहकर मोबाइल का प्रयोग नहीं करना।

**प्रस्तुति- महेन्द्र कुमार शर्मा**
**हल्दौर ( बिजनौर )**
**मोबाइल नम्बर:- 9536981132**

# पत्रकारिता से राजनीति तक यूसुफ़ अंसारी की नई पारी

यूसुफ़ अंसारी की कहानी महज एक पत्रकार के राजनीति के मैदान में कदम रखने की कहानी नहीं है, बल्कि यह तीन दशकों से अधिक लंबे उस शानदार सफर की दास्तान है, जिसमें एक युवा रिपोर्टर ने पत्रकारिता की दुनिया में कदम रखा, देश के राजनीतिक परिदृश्य को करीब से देखा, राष्ट्रीय घटनाओं की नब्ज़ को महसूस किया, संसद की कार्यवाही को कवर किया, देश के बड़े राजनीतिक नेताओं से सवाल किए, युद्ध, आतंकवाद, चुनाव, प्राकृतिक आपदाओं और राष्ट्रीय संकटों की जमीनी हकीकत को अपनी आंखों से देखा और फिर इसी व्यापक अनुभव को अपनी रिपोर्टिंग, लेखन, विश्लेषण और राजनीतिक समझ के माध्यम से जनता तक पहुंचाया।



बिजनौर से शुरू हुई पत्रकारिता की यह यात्रा ज़ी न्यूज़ जैसे बड़े राष्ट्रीय मीडिया संस्थान से होती हुई चैनल वन की संपादकीय जिम्मेदारियों तक पहुंची। यहां उन्होंने केवल ख़बरों की रिपोर्टिंग नहीं की, बल्कि न्यूज़ रूम की संपादकीय दिशा तय करने और राष्ट्रीय मुद्दों को प्रभावी तरीके से जनता के सामने रखने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी निभाई। एक रिपोर्टर से राजनीतिक ब्यूरो प्रमुख और फिर संपादक तक का सफर इस बात का प्रमाण है कि यूसुफ़ अंसारी ने पत्रकारिता को केवल एक पेशा नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी के रूप में अपनाया।

उनके पत्रकारिता सफर में उपलब्धियां भी आईं, चुनौतियां भी सामने आईं और समय के साथ मीडिया की पूरी दुनिया भी बदलती गई। लेकिन यूसुफ़ अंसारी ने बदलते दौर और बदलती तकनीक के साथ स्वयं को लगातार आगे बढ़ाया। प्रिंट मीडिया से टेलीविजन तक, न्यूज़ रिपोर्टिंग से राजनीतिक विश्लेषण तक और पारंपरिक पत्रकारिता से डिजिटल मीडिया तक उनका सफर इस बात का उदाहरण है कि एक अनुभवी पत्रकार समय की बदलती जरूरतों के साथ अपनी क्षमताओं को किस तरह नई दिशा दे सकता है। अब राजनीति की 'फिसलन भरी राहों' पर उनके नये सफर की शुरुआत हो चुकी है। आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में उनके सामने एक नई जिम्मेदारी, नया मैदान और नई चुनौतियां हैं। लेकिन इस बार उनके पास केवल राजनीतिक अनुभव ही नहीं, बल्कि पत्रकारिता की

**पत्रकारिता से राजनीति तक का यह सफर उनके लिए एक नई शुरुआत है, एक ऐसा सफर, जिसमें क़लम के अनुभव के साथ अब राजनीतिक जिम्मेदारी भी जुड़ गई है। आने वाला समय बताएगा कि यूसुफ़ अंसारी की यह नई पारी किस दिशा में आगे बढ़ती है और राष्ट्रीय राजनीति में उनकी आवाज़ कितनी प्रभावशाली भूमिका निभाती है। लेकिन इतना तय है कि तीन दशकों से अधिक की पत्रकारिता के अनुभव के बाद राजनीति के मैदान में उनका प्रवेश एक ऐसे नये अध्याय का आगाज़ है, जिसकी ओर राजनीतिक और पत्रकारिता जगत की निगाहें निश्चित रूप से टिकी रहेंगी।**

वह लंबी साधना और प्रशिक्षण भी है, जिसने उन्हें सवाल पूछना, समस्याओं की तह तक पहुंचना, किसी भी मुद्दे को विभिन्न दृष्टिकोणों से देखना और अपनी बात को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाना सिखाया है।

समय यह तय करेगा कि राजनीति के इस नये सफर में यूसुफ़ अंसारी अपनी पत्रकारिता की दृष्टि और अनुभव को किस तरह राजनीतिक संघर्ष और जनसरोकारों में बदलते हैं, लेकिन इतना जरूर कहा जा सकता है कि लंबे पत्रकारिता सफर के बाद उनकी राजनीतिक पारी ऐसे समय में शुरू हुई है, जब उनके अनुभव की उपयोगिता और महत्व पहले से कहीं अधिक है। पत्रकारिता ने उन्हें देश और समाज को करीब से देखने, समझने और उसकी आवाज़ को सामने रखने का अवसर दिया, जबकि राजनीति अब उन्हें उसी अनुभव, उसी समझ और उसी सामाजिक सरोकार को सक्रिय भूमिका के रूप में आगे बढ़ाने का अवसर दे रही है।

**-खालिद मुस्तफा ( अलीग )**

## एक नये अध्याय की शुरुआत

एक छोटे से शहर से पत्रकारिता का सफर शुरू करने वाले एक युवा रिपोर्टर से लेकर राष्ट्रीय मीडिया संस्थानों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाने वाले वरिष्ठ पत्रकार तक, न्यूज़ रूम के एक सदस्य से संपादकीय नेतृत्व तक, राजनीतिक रिपोर्टर से राष्ट्रीय राजनीतिक विश्लेषक तक और अब एक सक्रिय राजनीतिक भूमिका में राष्ट्रीय प्रवक्ता तक- यूसुफ़ अंसारी का यह सफर मेहनत, अनुभव, संघर्ष, अध्ययन, निरंतर सीखने और लगातार आगे बढ़ने की ऐसी कहानी है, जो अभी पूरी नहीं हुई है। शायद यही वजह है कि उनकी नई राजनीतिक जिम्मेदारी को उनके सफर का अंत नहीं, बल्कि एक नये अध्याय की शुरुआत माना जा रहा है। पत्रकारिता के मैदान में वर्षों तक राष्ट्रीय राजनीति, जनसमस्याओं और सामाजिक सरोकारों की आवाज़ को सामने रखने वाले यूसुफ़ अंसारी अब आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में अपनी आवाज़ को एक नई दिशा देने जा रहे हैं।

# बच्चे स्वस्थ रहेंगे, तभी भविष्य निखार सकेंगे : प्रतिभा गुप्ता



दंत चिकित्सा शिविर में छात्रों के दांतों का परीक्षण करती डॉक्टर।

## रोटरी क्लब ने विद्यालय में लगाया दंत परीक्षण शिविर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब की ओर से नगर क्षेत्र स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय नं. 6 में नि:शुल्क दन्त चिकित्सा परीक्षण व दन्त स्वच्छता जागरूकता शिविर का आयोजन गया, जिसमें 32 छात्र-छात्राओं के दांतों का परीक्षण किया गया तथा उन्हें दन्त किट वितरित की गई साथ ही दन्त स्वच्छता के बारे मे बताया गया। शिविर का शुभारंभ रोटरी क्लब अध्यक्ष प्रतिभा गुप्ता ने किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि स्वस्थ मुस्कान व स्वस्थ भविष्य बनाना ही रोटरी क्लब का ध्येय है। बच्चे स्वस्थ रहेंगे तभी वे अपने भविष्य को निखार सकेंगें। तत्पश्चात दंत चिकित्सक डॉ. आशीष अग्रवाल व डॉ. नीतिका अग्रवाल ने छात्रों के दांतों का परीक्षण किया। कहा कि आजकल बच्चे टाफी व चुइंगम बहुत खाते है जिससे उनके दांत खराब होने लगते हैं। उन्होने बच्चों को उक्त चीजों को न खाने सहित नियमित रूप से रोज दांत साफ करने की सलाह दी।

विद्यालय की प्रधानाचार्य अनू रावत ने बच्चो के दंत परीक्षण के लिए रोटरी क्लब का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर इनरव्हील अध्यक्ष मानु गुप्ता, वाई पी गिलरा, विपिन बक्शी, वीना रावत, शरतचन्द गुप्ता, अमित अग्रवाल और गोपाल बंसल सहित विद्यालय के अध्यापक व अध्यापिकाएं व अन्य रोटरी क्लब सदस्य उपस्थित रहे।

# यौन हिंसा पीड़ित महिलाओं को अब एम्स में ही उपलब्ध होगी चिकित्सा व कानूनी सलाह



## वन स्टॉप सेन्टर की की गई स्थापना

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में यौन हिंसा से पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे आपातकालीन चिकित्सा और कानूनी सलाह उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वन स्टॉप सेन्टर की शुरूआत की गयी। अस्पताल भवन की तीसरी मंजिल में स्थित इस केन्द्र पर यौन पीड़ित महिलाओं को सभी प्रकार चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करवायी जायेगी। वन स्टॉप सेन्टर का उद्घाटन राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया किशोर राहटकर, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, एम्स संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह की उपस्थिति में किया गया। श्रीमती राहटकर ने कहा कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा समेत तमाम अपराधों से निपटने के लिए वन स्टॉप सेन्टरों की स्थापना पर जोर दे रहा है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि यह सेन्टर यौन हिंसा पीड़ित महिलाओं व किशोरियों के लिए तत्काल इलाज और कानूनी मामलों की दृष्टि से मददगार साबित होगा। एम्स संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने इसे पूरी गोपनीयता बनाए रखते हुए सुरक्षित, निजी और सम्मानजनक माहौल में मेडिको-लीगल जांच और इमरजेंसी मेडिकल देखभाल का केन्द्र बताया। प्रो. जया चतुर्वेदी ने कहा कि वन स्टॉप सेंटर एक मल्टी-डिसिप्लिनरी कई विभागों के सहयोग वाला तरीका अपनाता है। इससे पीड़ितों को जांच के लिए एक विभाग से दूसरे विभाग में नहीं जाना पड़ेगा। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक प्रो. बी. सत्या श्री, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की डॉ. लतिका चावला, डॉ. राजलक्ष्मी मुंदरा, डॉ. कविता खोईवाल, डॉ. ओम कुमारी, डॉ. पूनम गिल, फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के डॉ. दिलीप वैष्णव, डॉ. आशीष भूते, डॉ. रवि प्रकाश, संस्थान के पीआरओ डॉ. श्रीलोय मोहंती, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तड़ियाल आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने निकाली नशा मुक्ति जागरूकता रैली

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** देश के प्रधानमंत्री के राष्ट्रव्यापी संकल्प नशा मुक्त युवा, विकसित भारत अभियान के अंतर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा सशक्त एवं नशा-मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. डी.एस. नेगी ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है। यदि युवा नशे से दूर रहकर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ें, तो विकसित भारत के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से इस जन-जागरूकता अभियान को अपने परिवार और समाज तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी वर्मा ने नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने नगर क्षेत्र में नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से जनसामान्य को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। इस अभियान में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक शिक्षणेत्तर कर्मचारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर, भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी व रोवर-रेंजर इकाई के स्वयंसेवियों सहित समस्त छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# चिल्लरखाल-लालढांग मोटर मार्ग निर्माण की टेण्डर प्रक्रिया हो गई पूरी

## अक्टूबर माह से शुरू होगा निर्माण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** लंबे समय से निर्माण की प्रतीक्षा कर रहे चिल्लरखाल-लालढांग मोटर मार्ग का निर्माण कार्य आगामी अक्टूबर माह से शुरू होगा। यह जानकारी लोनिवि दुगड्डा के अधिशासी अभियंता निर्भय सिंह ने दुगड्डा में चिल्लरखाल-लालढांग मार्ग निर्माण संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल को दी। प्रतिनिधिमंडल ने अधिशासी अभियंता से मुलाकात कर मार्ग निर्माण की प्रगति और कार्य शुरू होने की समय-सीमा के बारे में जानकारी ली। इस पर अधिशासी अभियंता ने बताया कि विभाग की ओर से मार्ग निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। वर्तमान में बरसात का मौसम होने के कारण निर्माण कार्य शुरू कराना संभव नहीं है। मौसम अनुकूल होते ही अक्टूबर माह से सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा। मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से शुरू कराने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की मांग भी उठाई। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व सैनिक नरेश धस्माना, पूर्व सैनिक जयदीप रौतेला, हरेंद्र भंडारी शामिल रहे।

# एम्स में अंगदान के प्रति जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर अंग प्रत्यारोपण विभाग, एम्स द्वारा मोहन फाउंडेशन के सहयोग से अंगदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में दिवंगतजनों के अंगदान एवं देहदान के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना तथा अंगदाता परिवारों के अमूल्य योगदान के लिए उन्हें सम्मानित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत आस्था पथ पर अंगदान जागरूकता वॉकाथॉन एवं फ्लैग मार्च से हुई, जिसका शुभारंभ एम्स ऋषिकेश की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह ने किया। वॉकाथॉन में एम्स के चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और 'अंगदान महादान' का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। इसके उपरांत आयोजित सम्मान समारोह में वर्ष 2025-26 के जीवित गुर्दा किडनी दाताओं, अब तक के मृतक अंगदाता परिवारों तथा देहदान करने वाले परिवारों को सम्मानित किया गया। कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह ने कहा कि अंगदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है तथा प्रत्येक नागरिक को अपने परिवार के साथ इस विषय पर चर्चा कर अंगदान का संकल्प लेना चाहिए। अंग प्रत्यारोपण विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. रोहित गुप्ता ने बताया कि एम्स ऋषिकेश, उत्तराखंड में मृतक अंगदान कार्यक्रम को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। डॉ.अंकुर मित्तल ने कहा कि अंगदान केवल चिकित्सा का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय संवेदनाओं का सर्वोच्च उदाहरण है। कार्यक्रम में डॉ. सौरभ वार्ष्णेय, प्रो.सत्यश्री बालिजा, प्रो. संजीव मित्तल, गोपाल मेहरा, डॉ. आर. सारंगा भारती, डॉ. विकास पंवार, डॉ. शैरोन कंडारी, डॉ. दिलीप कुमार सिंह, डॉ. सुनीता सुमन, डॉ. आनंद शर्मा, डॉ. लोकेश अरोड़ा, डॉ. इतीश पटनायक, डॉ. दीपेश कुमार धूत, डॉ. साहिल गर्ग, डॉ. करमवीर सिंह, वृषभ पांचाल, देशराज सिंह सोलंकी तथा मोहन फाउंडेशन की टीम उपस्थित रही।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# लगी आज सावन की फिर वो झड़ी है..



**बिजनौर/नांगल सोती ( चिंगारी )।** सावन के पहले दिन हुई जोरदार बारिश के बाद अब सावन की झड़ी देखने को मिल रही है। इस बरसात में पहली बार बारिश के दौरान मौसम में हल्की ठंडक महसूस हुई है। इस सावन में यह बारिश की पहली झड़ी है। सावन का महीना 30 जुलाई को शुरू हुआ है। सावन के पहले दिन ही बदरा झूमकर बरसे थे। अब सावन के दूसरे सप्ताह में बारिश की झड़ी लगी है। कल देर शाम से शुरू हुई बारिश छोटे-मोटे ब्रेक के साथ लगातार जारी है। रातभर रुक-रुककर बारिश होती रही। आज सुबह सवेरे झमाझम बारिश हुई। बादलों के जमकर बरसने से कई स्थानों पर काफी जलभराव हो गया है। इस सावन में यह बारिश की पहली झड़ी है। उल्लेखनीय है कि अक्सर सावन के महीने में ही बारिश की झड़ी लगती है। बारिश की झड़ी से मौसम सुहावना हो गया है, जिससे लोग बड़ी राहत महसूस कर रहे हैं। इस बरसात में पहली बार लोग बिना पंखे चलाये अपने घरों या प्रतिष्ठानों पर बैठे दिखाई दिये। उधर बारिश के कारण स्कूलों में उपस्थिति कम रही। बारिश से नांगल थाने में मुख्य द्वार के सामने का स्थान तालाब की शक्ल में तब्दील हो गया है।

## उमाशंकर सिंह के निधन पर मायावती दुखी

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बलिया जिले की रसड़ा विधानसभा सीट से पार्टी विधायक उमाशंकर सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। सुश्री मायावती ने बुधवार देर रात सोशल मीडिया पर जारी शोक संदेश में कहा कि पार्टी के कर्मठ, ईमानदार और पूरी तरह समर्पित विधायक उमाशंकर सिंह का लंबी बीमारी के दौरान उपचार के बीच निधन अत्यंत दुखद है। उन्होंने दिवंगत विधायक के परिवार तथा उनके सभी शुभचिंतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। बसपा प्रमुख ने कहा कि पार्टी के प्रति उमाशंकर सिंह की निष्ठा और समर्पण की जितनी भी प्रशंसा की जाए, वह कम है। उन्होंने कहा कि उमाशंकर सिंह का पूरा परिवार बसपा परिवार का हिस्सा है और परिवार के सभी सदस्य उन्हें बड़ी बहन की तरह सम्मान देते रहे हैं।


**आवश्यकता है**

हल्दौर स्थित गारमेंट फैक्ट्री के लिए कुशल लेयर कटिंग मास्टर एंव कुशल महिला ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है। संपर्क करें-

9319823965
8191819148









